# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024




**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

महायुति में सीट शेयरिंग फाइनल! भाजपा को सबसे ज्यादा

# भाजपा 156, शिंदे गुट 78 व अजीत की एनसीपी 54 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**खास बातें**

- 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होगी वोटिंग
- नतीजों का ऐलान होगा 23 नवंबर को

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन में सीटों का बंटवारा लगता है फाइनल हो गया है। हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच इसको लेकर बैठक हुई। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक बैठक में सीट शेयरिंग पर मुहर लग चुकी है। इसके हिसाब से इस बार भाजपा महाराष्ट्र में 156 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। इसके अलावा एकनाथ शिंदे गुट को 78 सीटें और अजीत पवार की एनसीपी को 54 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। बताया जाता है अमित शाह के आवास पर



करीब तीन घंटे तक चली बैठक में यह फैसला लिया गया। 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि नतीजों का ऐलान 23 नवंबर को होगा। बताया जाता है अभी सीटों के आदान-प्रदान पर बहुत काम किया जाना है। तीनों पार्टियों को सीटें तो लगभग उतनी ही मिलेंगी जितना ऊपर बताया गया है। लेकिन उम्मीदवारों की जीत के आधार पर कुछ सीटें एक्सचेंज हो सकती हैं।

### शिंदे कोपरी पाचपाखाडी सीट से लड़ेंगे चुनाव

महाराष्ट्र चुनाव के मद्देनजर एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 45 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। एकनाथ शिंदे कोपरी पाचपाखाडी सीट से चुनाव लड़ेंगे। शिंदे की पार्टी ने माहिम सीट से सदानंद शंकर सरवणकर को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे मैदान में हैं। लिस्ट में उन सभी विधायकों ने नाम भी शामिल हैं, जो बगावत के समय शिंदे के साथ उद्धव ठाकरे गुट को छोड़कर आए थे।

झारखंड में तय हुआ सीट शेयरिंग फॉर्मूला

## झामुमो 40 तो 30 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर को और झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय हो गया है। झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। जानकारी दी है कि कांग्रेस झारखंड में 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारेगी. इसके अलावा बाकी बची हुई



11 सीटों पर आरजेडी और लेफ्ट पार्टी चुनाव लड़ेंगी. उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन पूरी तरह मिलकर चुनाव लड़ेगा।

### झामुमो ने 35 सीटों पर जारी की लिस्ट, कल्पना बसंत को भी टिकट

झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 35 सीटों पर घोषणा की गई है। इसमें बरहेट सीट से सीएम हेमंत सोरेन, गांडेय सीट से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और दुमका सीट से भाई बसंत सोरेन कैंडिडेट घोषित किए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

### गृह मंत्रालय ने तसलीमा का बढ़ाया निवास परमिट



**नई दिल्ली।** भारतीय गृह मंत्रालय ने बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन का निवास परमिट बढ़ाने का फैसला किया है। इसके बाद तसलीमा नसरीन भारत में रह सकेंगी। तसलीमा नसरीन ने इस फैसले के लिए गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि तसलीमा नसरीन का भारत में निवास का परमिट एक्सपायर हो गया था। जिसके बाद तसलीमा नसरीन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर गृह मंत्री से मदद मांगी थी। नसरीन साल 2011 से भारत में रह रही हैं।

### सलमान बिश्नोई समाज से माफी मांगें : अनूप जलोटा



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को मिल रही लगातार धमकियों के बीच भजन सम्राट अनूप जलोटा का एक बयान चर्चा में आ गया है। जहां पुलिस ने एक्टर की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए हैं। वहीं गायक का कहना है कि एक्टर को माफी मांगनी चाहिए। जैसा बिश्नोई समाज लंबे समय से मांग भी कर रहा है।

### जामिया यूनिवर्सिटी में जमकर बवाल

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के परिसर में मंगलवार को छात्रों के एक समूह की ओर से दिवाली कार्यक्रम के दौरान बवाल हो गया। बताया जाता है कि छात्रों ने पहले से सुनिश्चित इलाके में दिए जलाए थे। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। आयोजन करने वाले छात्रों का आरोप है कि इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग आ गए और उन्होंने रंगोली हटा दिया और दीपक भी बुझा दिए। इसके बाद जामिया परिसर में हंगामा हो गया।

बॉर्डर पेट्रोलिंग पर सोमवार को हुआ है समझौता

# लद्दाख में गतिरोध खत्म, चीन ने की पुष्टि, बोला- मिलकर विवाद सुलझाएंगे

**चीनी विदेश मंत्रालय ने बीजिंग में कहा- भारत के साथ मुद्दों का होगा हल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर पेट्रोलिंग को लेकर एक नई सहमति बनी है। विदेश मंत्रालय ने इसको लेकर बयान जारी किया है। इस बीच चीन ने भी समझौते पर बड़ा बयान दिया है। चीन ने मंगलवार को कहा कि दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'आगे चलकर चीन इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए भारत के साथ काम करेगा। हाल ही में चीन और भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक और सैन्य स्तर के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में हैं।' भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बन गई है। इससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों का समाधान होगा और हम अगला कदम उठाएंगे।'पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक पर जियान ने कहा, 'अगर कुछ भी सामने आता है तो हम आपको अपडेट रखेंगे।




### 2020 से बना हुआ है गतिरोध


बता दें, भारत और चीन ने एक दिन पहले सोमवार को पेट्रोलिंग पर सहमति जताई थी। चीन और भारत के सैनिकों के बीच झड़प जून 2020 में गलवान में हुई थी। सैन्य गतिरोध के बाद भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में खटास आई थी। लेकिन अब दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी और गश्त व्यवस्था पर सहमत हुए।

### क्या है भारत-चीन समझौता

पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर अप्रैल 2020 की स्थिति बहाल करने के लिए चीन और भारत राजी हो गए हैं। यानी अब चीन की आर्मी उन इलाकों से हटेगी, जहां उसने अतिक्रमण किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिस्री ने सोमवार को बताया था कि भारत-चीन के सीमावर्ती इलाकों में पेट्रोलिंग के साथ 2020 के बाद उठे मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रस्ताव तैयार हुआ है। अप्रैल 2020 में चीन ने एक सैन्य अभ्यास के बाद पूर्वी लद्दाख के 6 इलाकों में अतिक्रमण किया था। 2022 तक 4 इलाकों से चीन की सेना पीछे हट गई। दौलत बेग ओल्डी और डेमचोक पर भारतीय सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दी जा रही थी।

### 'समझौता अच्छा कदम, लेकिन भरोसा जमने में वक्त लगेगा'

इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को भारत-चीन के बीच हुए हालिया समझौते को अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा- सबसे पहले दोनों देशों को दोबारा विश्वास पैदा करना होगा। इसके लिए सैनिकों का एक-दूसरे को देखना और बातचीत करना जरूरी है। पेट्रोलिंग के जरिए इसके लिए सही माहौल मिलेगा। फर जोन मैनेजमेंट, डी-एस्केलेशन जरूरी भारत और चीन के बीच समझौता होने के बाद आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, 'हम दोबारा भरोसा हासिल करने की प्रोसेस में हैं। इसमें वक्त लगेगा। सेनाओं का पीछे हटना, बफर जोन मैनेजमेंट भी इसके लिए अहम है। हम भरोसा कैसे पैदा करेंगे? जब हम एक-दूसरे को सुन सकेंगे और एक-दूसरे को संतुष्ट कर सकेंगे। हम यह भरोसा जता पाएंगे कि जो बफर जोन बनाए गए हैं, हम उसमें जाएंगे। पेट्रोलिंग से आपको ये प्रोसेस करने में आसानी होगी। दोनों पक्षों को एक-दूसरे को समझाने का मौका मिलेगा। एक बार भरोसा जम गया तो इसके बाद अगला कदम उठाया जाएगा।'



- आर्मी चीफ ने कहा- सैनिकों का एक-दूसरे को देखना और बातचीत करना जरूरी

क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान

## लॉरेंस का एनकाउंटर करने पर 1 करोड़ ईनाम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। इसके अलावा गैंग ने एक्टर सलमान खान को भी धमकी दी हुई है। इसी बीच अब एक संगठन ने लॉरेंस बिश्नोई के सिर पर ही ईनाम रख दिया है। क्षत्रिय करणी सेना ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के एनकाउंटर के लिए ईनाम की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार, क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत का एक वीडियो बयान है, जिसमें उन्होंने लॉरेंस बिश्नोई को मारने वाले किसी भी पुलिस अधिकारी को 1,11,11,111 रुपये का ईनाम देने की घोषणा की। बता दें,



करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की 5 दिसंबर 2023 को जयपुर में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी हत्या के कुछ घंटों बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बिश्नोई का मजबूत आपराधिक गिरोह पूरे देश में सक्रिय है। बिश्नोई गिरोह ने इस साल की शुरुआत में बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी ली थी।

हरियाणा सरकार की कार्रवाई

## पराली को लेकर कड़ा एक्शन 24 अधिकारी-कर्मचारी सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| सोनीपत

हरियाणा में सरकार बदलते ही कृषि विभाग के 24 अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिरी है।



दरअसल, सरकार ने मंगलवार को 24 कर्मचारियों को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया है। इसमें एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर से लेकर एग्रीकल्चर सुपरवाइजर तक कर्मचारी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि प्रदूषण रोकने में विफल रहने पर हरियाणा सरकार ने यह कार्रवाई की है। सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, सस्पेंड किए गए कर्मचारियों में सोनीपत के दो, पानीपत के दो, हिसार के दो, जींद के दो, कैथल के तीन, करनाल के तीन, फतेहाबाद के तीन, कुरुक्षेत्र के चार और अंबाला के तीन कर्मचारी शामिल हैं।

### इधर सुको ने मुख्य सचिव को किया है तलब

बता दें, पराली जलाने से रोकने में विफल रहने पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार के साथ-साथ पैनल कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को भी फटकार लगाई थी। इसके साथ ही दोनों राज्यों के मुख्य सचिव को 23 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा था। इससे पहले ही हरियाणा सरकार ने अपने यहां बड़ी कार्रवाई की है।

बहराइच हिंसा
सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार को रोका

## आरोपियों के घर नहीं चलेगा बुलडोजर, एक दिन की रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने फिर एकबार योगी सरकार के बुलडोजर ऐक्शन पर रोक लगा दी है। मंगलवार को बहराइच हिंसा में शामिल तीन आरोपियों की संपत्तियों को ध्वस्त करने की उत्तर प्रदेश सरकार की कार्रवाई पर कल तक के लिए रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई अब बुधवार को होगी। न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा, 'आप इस अदालत द्वारा पारित आदेशों से अवगत हैं। यदि उत्तर प्रदेश सरकार इन आदेशों का उल्लंघन करने का जोखिम उठाना चाहती है तो यह उनकी मर्जी है।' सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जल निकायों पर



अतिक्रमण से जुड़े मामलों को छोड़कर देश भर में बिना अनुमति के बुलडोजर ऐक्शन पर रोक लगा दी है। बीते एक अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने सरकारी अधिकारियों द्वारा गैरकानूनी बुलडोजर विध्वंस को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच में अपना फैसला सुरक्षित रखा।

### राम रहीम पर चलेगा मुकदमा पंजाब सरकार ने दी मंजूरी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने 2015 की बेअदबी की घटनाओं में जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इन घटनाओं के बाद विरोध प्रदर्शन हुए थे और पुलिस गोलीबारी में दो आंदोलनकारी मारे गए थे। यह कदम सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा तीन बेअदबी मामलों की सुनवाई पर लगाई गई रोक को हटाने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है।



## ईरान के लिए जासूसी करने वाले 7 इजराइली गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजराइल में ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में 7 इजराइली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इन पर आरोप है कि उन्होंने ईरान के लिए 2 साल तक जासूसी की और उनके लिए सैकड़ों काम किए। इजराइल पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह सबसे गंभीर मामलों में से एक है। इसके लिए उन्हें मौत की सजा हो सकती है। ये सभी आरोपी हाइफा या फिर उत्तरी इजराइल के रहने वाले हैं। इसमें से एक सैनिक भी शामिल है, जो कुछ साल पहले सेना छोड़कर भाग गया था। इसके अलावा आरोपियों में 16-17 साल के 2 नाबालिग भी हैं। इनकी पहचान जाहिर नहीं की गई है।

- जिन जगहों की जानकारी भेजी, वहां हिजबुल्लाह ने किए हमले

डॉ. वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

देशविरोधी नारे पर फैजान की सजा की पहली किस्त

## 21 बार भारत माता की जय और तिरंगे को सलामी

एजेंसी ▶▶| भोपाल



हाल में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने वाले आरोपी को अनोखी शर्त पर जमानत दी थी। अदालत ने आदेश में कहा था कि मुकदमे की समाप्ति तक हर महीने आरोपी को दो बार भोपाल पुलिस थाने में आकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देनी होगी और 'भारत माता की जय' का नारा लगाना होगा। महीने के पहले और चौथे मंगलवार को उसे ऐसा करना था। ऐसे में मंगलवार को वह तिरंगे को सलामी देने और भारत माता की जय का नारा लगाने के लिए भोपाल के मिसरौद थाने पहुंचा।

### 'रील बनाते हुए नशे में बोल दिया था'

सलामी देने के बाद बात करते हुए फैसल ने कहा कि रील बनाते समय उसने यह सब नशे में बोल दिया था। उसे अपनी गलती का अहसास है और आगे से वो ऐसा नहीं करेगा। बता दें कि भोपाल के पास मंडीदीप में रहने वाले फैसल उर्फ फैजान ने 17 मई 2024 को पाकिस्तान जिंदाबाद और भारत मुर्दाबाद के नारे लगाए थे. इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153बी के तहत कार्रवाई की थी।

### अभियोजन पक्ष का दावा

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने पाकिस्तान समर्थक नारा लगाया था, जो विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के बराबर था और उसका कृत्य सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक था, इसलिए उसे जमानत न मिले. तब बचाव पक्ष के वकील ने कहा था कि आवेदक को झूठा फंसाया गया है। वह इसी देश का नागरिक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024





Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


# एनआरआई छात्रों को हाईकोर्ट से राहत, एमबीबीएस में एडमिशन नहीं होगा निरस्त, कोटे में बदलाव के लिए बदलने होंगे नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का आदेश पूरे देश में लागू नहीं हो सकता। इसे कानून मानकर किसी नियम को लागू नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एनआरआई कोटे के एडमिशन निरस्त करने के आदेश को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने वाले एनआरआई कोर्ट के छात्रों को बड़ी राहत मिली है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### हाईकोर्ट ने कहा- पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला यहां लागू नहीं



### शासन को नियम में करना होगा बदलाव

इस मामले की सुनवाई के दौरान यह भी कहा गया कि राज्य शासन एनआरआई कोटे में अगर बदलाव करना है और पंजाब व हरियाणा की तरह नियम लागू करना है तो इसके लिए प्रवेश नियम में बदलाव करना ▶▶| शेष पेज 2 पर

खास खबर

# निकाय चुनाव से पहले वार्ड परिसीमन का रास्ता साफ विरोध में दाखिल सभी 50 याचिकाएं हाईकोर्ट से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- हाईकोर्ट ने याचिकाओं को पाया आधारहीन
- इससे पहले 7 मामलों में कोर्ट ने दिया था स्टे

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वार्ड परिसीमन के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने याचिकाओं को आधारहीन पाया है। इस फैसले के साथ ही निकाय चुनाव से पहले वार्ड परिसीमन का रास्ता साफ हो गया है। ध्यान रहे कि इससे पहले कोर्ट ने खास तौर पर बिलासपुर और राजनांदगांव नगर निगम के साथ ही तखतपुर, कुम्हारी और बेमेतरा नगर पालिका में होने वाले परिसीमन पर रोक लगा ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सरकार ने कहा, नियमों और प्रक्रिया का किया पालन

*मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई। इस मामले में लगातार सुनवाई जारी थी। पिछली तिथि को सरकार की ओर से महाधिवक्ता और उनकी पूरी टीम ने कोर्ट में अपनी बात रखी। इसमें कहा गया कि जनसंख्या के आधार पर पहले भी परिसीमन किया गया है। कभी भी कोई आपत्ति नहीं आई। इस बार जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है ताकि प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। इस पर कोर्ट ने पूछा कि वर्ष 2011 की जनगणना को वर्तमान परिदृश्य में आदर्श कैसे मानेंगे। दो बार परिसीमन कर लिया गया है तो तीसरी बार परिसीमन क्यों किया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि परिसीमन से पहले पूरी प्रक्रिया और नियमों का पालन किया गया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के लिए* ▶▶| शेष पेज 2 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शालीमार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरे



**नागपुर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस के दो डिब्बे मंगलवार दोपहर यहां पटरी से उतर गए, लेकिन इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मुंबई से कोलकाता जा रही एक्सप्रेस की पार्सल वैन के चार पहिए और एक डिब्बे के चार पहिए नागपुर में कलमना लाइन पर पटरी से उतर गए।

### झारखंड में दूसरे चरण के लिए नामांकन शुरू



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर अधिसूचना जारी होने के साथ 38 विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हो गई। नामांकन प्रक्रिया 29 अक्टूबर तक जारी रहेगी तथा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### सलमान को धमकी भेजने वाले ने मांगी माफी



**मुंबई।** मुंबई यातायात पुलिस को उस मोबाइल नंबर से एक माफीनामा मिला है, जिससे पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपए की मांग करने वाला धमकी भरा संदेश भेजा गया था। माफी वाला संदेश सोमवार को यातायात पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर मिला। जांच के दौरान यह पुष्टि हुई कि माफीनामा उसी मोबाइल नंबर से भेजा गया है।

### कार से 12 किलो के सोने के जेवर बरामद



**मथुरा।** यूपी मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर नियमित जांच के दौरान एक कार से 12 किलोग्राम वजन के सोने के आभूषण बरामद किए गए। पुलिसकर्मियों और आबकारी विभाग के कर्मियों की टीमों ने शराब की तस्करी की जांच के लिए सोमवार रात को वाहनों की जांच के दौरान यह बरामदगी की। पुलिस को कार में 12 पैकेट मिले।

## जेपीसी की बैठक में हंगामा, सांसद कल्याण बनर्जी एक दिन के लिए सस्पेंड

# वक्फ बिल पर भिड़े टीएमसी-भाजपा सांसद तोड़ी बोतल, बाल-बाल बचे चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*वक्फ बिल को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को फिर से जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के दौरान टीएमसी कल्याण बनर्जी को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने कांच की पानी की बोतल को मेज पर पटक दिया। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस दौरान कल्याण बनर्जी खुद ही चोटिल हो गए, उनकी उंगली में चोट लग गई।*

वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को उस समय बहुत ही नाटकीय घटनाक्रम हुआ, जब तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने पानी वाली कांच की बोतल तोड़कर समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की तरफ फेंक दी, जिसके बाद उन्हें एक दिन के लिए समिति की बैठक से निलंबित कर दिया गया। भाजपा के सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के साथ तीखी बहस के दौरान बनर्जी ने गुस्से में आ गए। बोतल तोड़कर फेंकी। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बनर्जी के आचारण की निंदा करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि दे। उन्होंने कहा, वह सारी सीमाओं को लांघ गए थे, सारी मर्यादा को लांघ गए थे। समिति की अगली बैठक से उन्हें निष्कासित किया गया है। पाल ने कहा कि इस घटना के तत्काल बाद उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को फोन पर अवगत करा दिया। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### हाथ में लगे चार टांके

कल्याण बनर्जी ने गुस्से में पानी की बोतल इस कदर टेबल पर पटकी कि उनके खुद के हाथ में चोट आ गई। बनर्जी को तुरंत फर्स्ट एड के लिए ले जाया गया, जहां उनके हाथों में चार टांके भी लगे। एक वीडियो सामने आया, जिसमें यह देखा जा रहा है कि कल्याण बनर्जी को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह बैठक कक्ष में दोबारा लेकर जा रहे हैं।

- *लोकसभा अध्यक्ष बिरला को दी गई घटना की जानकारी*
- *टीएमसी सांसद ने चेयरमैन की तरफ फेंकी बोतल*



### बैठक में बोलना चाहते थे बनर्जी

जेपीसी बैठक में ये बहस ओडिशा समूह के साथ बैठक के दौरान हुई। बैठक में जस्टिस इन रियलिटी, कटक, ओडिशा और पंचसखा प्रचार कटक, ओडिशा बानी मंडली अपने सुझाव रख रहे थे। बैठक में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं, लेकिन कल्याण बनर्जी अपनी बात रखना चाहते थे, जबकि उनसे पहले ही तीन बार बात की जा चुकी थी। वह प्रेजेंटेशन के दौरान दोबारा मौका पाना चाहते थे, जिसे लेकर बीजेपी सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने आपत्ति जताई।

### अभद्र भाषा का इस्तेमाल

सूत्रों ने बताया कि कल्याण बनर्जी ने अभिजीत गंगोपाध्याय के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, लेकिन दोनों तरफ से दावा किया गया है कि अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। इसी बीच कल्याण बनर्जी ने वहां रखी कांच की पानी की बोतल उठाकर टेबल पर दे मारी और खुद को चोट पहुंचा ली। इसके बाद उन्होंने टूटी हुई बोतल चेयरमैन की ओर फेंक दी। इस घटना के कारण बैठक कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गयी थी।

#### निगम, मंडल, प्राधिकरण भी दे सकते हैं

# सरकारी कर्मियों को दीपावली से पहले मिलेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों को इस बार दीपावली के पहले उनका वेतन अदा कर दिया जाएगा। दरअसल इस साल दीपावली 31 अक्टूबर को होने की वजह से ऐसा लग रहा था कि सरकारी कर्मियों को वेतन त्योहार के बाद ही मिल पाएगा, लेकिन मंगलवार को सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर स्थिति साफ कर दी।



### मजदूरों, श्रमिकों को भी मिल सकेगा वेतन

**जारी हुआ ये आदेशः** वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टर को जारी आदेश में कहा है कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ कोषालय नियम के तहत निर्णय लिया है कि माह अक्टूबर 2024 के वेतन का भुगतान दीपावली को देखते हुए 28 अक्टूबर या उसके बाद की तारीख पर किया जाए। यह निर्णय भी लिया गया है कि व्यावसायिक सेवाओं के लिए अदायगी मद जिसमें कर्मिकों को भुगतान किया जाता ▶▶| शेष पेज 2 पर

### निगम, मंडल भी ऐसा कर सकते हैं

वित्त विभाग ने इसी आदेश में कहा है कि राज्य शासन के निगम, मंडल, प्राधिकरण, विश्वविद्यालय, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक उपक्रम, अन्य, एजेंसी, संस्थान भी अपनी वित्तीय स्थिति को देखते हुए 28 अक्टूबर या उसके बाद की तारीख पर वेतन भुगतान कर सकते हैं।

# सूरजपुर समेत तीन जिलों के कलेक्टर बदले गए, मित्तल नए जनसंपर्क आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने 11 आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादला के आदेश जारी किए हैं। जनसंपर्क आयुक्त के पद पर रवि मित्तल को पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में तीन जिलों के कलेक्टरों को बदला गया है। मंगलवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी आदेश में जन्मजय मोहबे एमडी नागरिक आपूर्ति विभाग को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों साथ संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जगदीश सोनकर एमडी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को संयुक्त सचिव मंत्रालय के पद पर पदस्थ किया गया है। एस जयवर्धन कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को कलेक्टर सूरजपुर पदस्थ किया गया है। विजय दयाराम सीईओ डग राज्य कौशल विकास अभिकरण को एमडी राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रवि मित्तल कलेक्टर जशपुर को आयुक्त जनसंपर्क के पद पर पदस्थ करते हुए सीईओ संवाद तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। तुलिका प्रजापति संचालक महिला एवं बाल विकास एवं अतिरिक्त प्रभार प्रोजेक्ट ▶▶| शेष पेज 2 पर



### सूरजपुर एसपी अहिरे हटाए गए, प्रशांत ठाकुर को जिम्मा

सूरजपुर के एसपी एमआर अहिरे को हटाकर उनके स्थान पर सेनानी 5वीं वाहिनी प्रशांत कुमार ठाकुर को नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। श्री अहिरे को अब डीआईजी यातायात पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। गृह विभाग ने एक दिन पहले ही यह आदेश जारी किया है। श्री अहिरे को सूरजपुर से हटाए जाने के पीछे कोई कारण तो नहीं ▶▶| शेष पेज 2 पर



एमआर अहिरे



प्रशांत कुमार ठाकुर

#### एआईसीसी ने प्रदेश संगठन की अनुशंसा पर लगाई मुहर

# सोनी से मुकाबले के लिए कांग्रेस से आकाश को टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर उम्मीदवार की घोषणा करते हुए युवा चेहरे आकाश शर्मा को मैदान पर उतारा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस फैसले पर मुहर लगाई है। प्रदेश संगठन की अनुशंसा पर दिल्ली से इसकी आधिकारिक घोषणा भी हो गई है। परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं होने के बावजूद आकाश शर्मा की स्कूल के ही समय ▶▶| शेष पेज 2 पर



### युवा चेहरे पर दांव

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। अभी तक यह सीट भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के पास थी। आठ बार विधायक रहे श्री अग्रवाल 1990 के बाद से विधानसभा ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 13 को मतदान 23 को परिणाम

*रायपुर दक्षिण सीट पर चुनावी प्रक्रिया के तहत उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। 28 अक्टूबर तक चुनाव आयोग उम्मीदवारों के नामांकन पत्र की समीक्षा और छंटनी करेगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।* ▶▶| शेष पेज 2 पर

#### अब तक 120 से अधिक विमानों बम की धमकी

# तीस उड़ानों को धमकी तीन विमानों ने बदला रूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित करीब 30 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम होने की सोमवार रात धमकी मिली। जेद्दा जाने वाली 'इंडिगो' की तीन उड़ानों को सऊदी अरब एवं कतर के हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि जिन उड़ानों में बम होने की धमकी मिली हैं, उनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया की उड़ानें शामिल ▶▶| शेष पेज 2 पर

### विमान के बाद अब स्कूलों को फर्जी ई-मेल

सीआरपीएफ को एक फर्जी धमकी भरा ईमेल मिला है, जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली और तेलंगाना में उसके तीन विद्यालयों और उसके परिसरों में स्थित दो केंद्रीय विद्यालयों को विस्फोटकों से निशाना बनाया जाएगा।


#### लगातार दूसरे दिन जारी रही गिरावट

# शेयर बाजार में कोहराम, डूब गए 9.19 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चौतरफा बिकवाली के दबाव से बीएसई संसेक्स में मंगलवार को 930 अंक से अधिक की गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति में 9.19 लाख करोड़ रुपए की भारी गिरावट हो गई। स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट जारी रही। तीस शेयरों पर आधारित संसेक्स 930.55 अंक यानी 1.15 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,220.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,001.74 अंक तक लुढ़क गया था। इस बड़ी गिरावट की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,19,374.52 करोड़ रुपए घटकर 4,44,45,649.22 रुपए पर आ गया।

### 80,220.72 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स



### लघु एवं मझोली कंपनियों पर ज्यादा असर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारी उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार में पूरे कारोबार के दौरान नरमी की धारणा हावी रही। सबसे ज्यादा असर लघु एवं मझोली कंपनियों के शेयरों पर पड़ा।

### बिखर गए ये स्टॉक

- वर्धमान होल्डिंग्स के शेयर 14.22%
- जीआरएसई के शेयर 12.34%
- अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया के शेयर 11.31%
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर भी 11%
- मझगांव डॉक शिपयार्ड के शेयर 10 %
- सुप्रीम इंडस्ट्रीज के शेयर 10.48%
- मैंगलोर रिफाइनरी के शेयर 7%
- एसजेवीएन के शेयर भी 7 %
- पीएनबी के शेयर भी 7%

### 309 अंक फिसला निफ्टी


नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 309 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 24,472.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 24,445.80 अंक के निचले स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और रिलायंस में प्रमुख रूप से गिरावट आई। इसके उलट, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे।

## चिंतन

# चीन संग भारत को अधिक सतर्क रहने की जरूरत

रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से ठीक पहले भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में सैनिकों के गश्त को लेकर हुए समझौते के कई संदेश हैं। कजान में पीएम मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता की तैयारी है, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मोदी के साथ हैं, इस वार्ता से पहले चीन ने माहौल को हल्का किया है। ट्रेड चीन के लिए अहम है, इसी के साथ ग्लोबल स्तर पर चीन अमेरिका विरोधी धुरी का विस्तार कर रहा है, इसलिए भी चीनी कूटनीति में नरमी जरूरी है। भारत के साथ सीमा पर तनाव में कमी को लेकर समझौते तक पहुंचने के पीछे चीन की ट्रेड व कूटनीति वजह है। समझौते के मुताबिक, गलवान की घटना से पूर्व की तरह दोनों देशों के सैनिक सीमा पर पैट्रोलिंग कर सकेंगे। इस समझौते के बारे में भारत ने कहा है, चीन की ओर से कुछ नहीं कहा गया है, इसलिए पहली बात तो भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना होगा। इस समझौते तक पहुंचने में करीब चार वर्ष लगे हैं, इतना समय लगने के पीछे कारण चीन का अड़ियल रुख है। ब्रिक्स बैठक से ठीक पहले चीन के रुख में नरमी उसकी ग्लोबल मजबूरी भी है। अमेरिका व यूरोप में चीन की पैठ या तो बंद है या सीमित है, चीन की अर्थव्यवस्था की गति सुस्त है, इसलिए चीन की कोशिश ब्रिक्स और एससीओ जैसे अपने प्रभुत्व वाले संगठन के विस्तार से ट्रेड बढ़ाने की है। चूंकि भारत इन दोनों संगठनों में है, इसलिए भारत की भूमिका अहम है। गलवान घटना के बाद चीनी बहिष्कार के बावजूद भारत ने ट्रेड बंद नहीं किया, आंशिक असर जरूर पड़ा। भारत अपने विनिर्माण क्षेत्र के विकास हेतु कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर है। इसलिए आयात रोकना भारत के लिए आत्मघाती है। वर्ष 2022 में 135.9 अरब डॉलर का ट्रेड भारत व चीन के बीच हुआ, तो 2023 में 136 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। इसमें करीब 100 अरब डॉलर का भारत ने आयात किया। व्यापार घाटा चीन के पक्ष में होने के बावजूद भारत ने अधिकांश कच्चे माल का आयात किया। जब तक भारत औद्योगिक रॉ मैटेरियल का निर्माण स्वदेश में शुरू नहीं करता है, चीन जरूरी है। भारत के अमेरिका व यूरोप से अच्छे संबंध हैं, पर पर्याप्त निवेश वहां से नहीं आ रहे हैं, चीनी कंपनियां भारत में निवेश कर रहे हैं। भारत के लिए भी चीन को साधे रखना जरूरी है। इसमें रूस सक्रिय भूमिका निभा रहा है। चीन से सीमा पर तनाव के चरम पर होने से भारत के आर्थिक विकास की यात्रा प्रभावित होती है, नए निवेश पर असर पड़ता है। तो सीमा पर शांति जरूरी है। चीन को अपने ग्लोबल एजेंडे को आगे बढ़ाना है। वह ब्रिक्स व एससीओ में अनेक देशों को शामिल करवा चुका है और कई देशों की एंट्री की तैयारी है। इसलिए भी चीनी अपनी छवि ठीक करने में जुटा है। वर्ष 2017 में भी ब्रिक्स की बैठक से पहले चीन ने डोकलाम विवाद को ठंडे बस्ते में डाल दिया था, लेकिन वर्ष 2020 में गलवान की घटना हुई व सीमा पर चीनी आक्रामकता बढ़ी। ऐसे में इस समझौते के बावजूद चीन को लेकर भारत को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा भी है कि विश्वास बहाली में वक्त लगता है, दोनों पक्षों को एक-दूसरे को आश्वस्त करना होगा। चीन बहुत जल्दी रंग बदलता है, तो भारत को ठोक बजाकर ही कदम आगे बढ़ाना चाहिए। समझौता सीमा पर तनाव खत्म करने की दिशा में पहला कदम माना जा सकता है, लेकिन अभी चीन की ओर से अनेक कदम उठाने की जरूरत है। शी से वार्ता में भारत का स्टैंड मजबूत और स्पष्ट होना चाहिए। चीन से दो टूक डील का सही वक्त है। भारत व चीन के बीच सीमा पर तनाव दूर करने की दिशा में बहुत कुछ किया जाना शेष है।

## सारा संसार



मरीना बीच चेन्नई का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल है जो करीब 30,000 पर्यटकों के साथ भारत का सबसे ज्यादा भीड़ वाला समुद्र तट है। यह समुद्र 13 किलोमीटर की दूरी तक फैला हुआ है, जो देश का सबसे लंबा प्राकृतिक शहरी समुद्र तट है।

# दमघोंटू हवा से बदतर होती जिंदगी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

विंटर सीजन यानि सर्दियों के मौसम को 'हेल्दी सीजन' कहा जाता है लेकिन दिल्ली - एनसीआर सहित देश के विभिन्न शहरों में यह मौसम लोगों के सेहत के लिए मुसीबत लेकर आता है। दिल्ली - एनसीआर में वायु प्रदूषण एक बार फिर से कहर बरपाने लगा है तथा सरकार और प्रशासन हांफने लगी है। दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित दूसरे राजधानी दिल्ली की बात करें तो हालिया आफत कोई पहली बार नहीं आयी है अपितु अमूमन हर साल अक्टूबर से लेकर पूरे सर्दियों के मौसम में दिल्ली वासियों पर वायु प्रदूषण का कहर बरपता है। इस दौरान समूचा दिल्ली -एनसीआर का इलाका धुंध यानि स्मॉग से लिपटी रहती है तथा महानगर 'गैस चैंबर' के रूप में तब्दील हो जाती है। दिल्ली सरकार को अमूमन हर साल 'हेल्थ इमरजेंसी' लगाकर सको बंद कर ट्रैफिक पर दबाव कम करने के लिए ऑड-इवन व्यवस्था लागू करती है। इस दौरान अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाएं प्रभावित होती है जिसका असर आम जनजीवन पर पड़ता है।सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च 'सफर-इंडिया' के ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली और नोएडा में बीते सप्ताह वायु गुणवत्ता सूचकांक यानि एक्यूआई 300 के पार चला गया। पिछले साल दिल्ली में एक्यूआई का स्तर 500 तक पहुंच गया था जो विश्व स्वास्थ्य संगठन 'ड्ब्ल्यूएचओ' के तय मानक से 100 गुना ज्यादा है। मानकों के मुताबिक 0-50 अच्छा,51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401 से 500 एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।बहरहाल सिर्फ भारत की राजधानी दिल्ली की हवा ही दमघोंटू नहीं है बल्कि दिल्ली से सटे हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी उत्तरप्रदेश सहित देश के अनेक बड़े शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर खराब से बहुत खराब स्तर पर है।

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार जहाँ प्रदूषण की वजह दिल्ली से सटे राज्यों के किसानों द्वारा पराली जलाने को बताती है लेकिन सुप्रीम कोर्ट सरकार के इस दलील पर नाइत्तेफाकी जाहिर करते हुए दिल्ली के नौकरशाही को उसकी निष्क्रियता पर फटकार लगाया था। दिल्ली सहित उत्तर भारतीय राज्यों में हर साल अक्टूबर- नवंबर में होने वाले भयावह प्रदूषण के लिए पराली जलाने की वजह को नकारा नहीं जा सकता लेकिन इसके लिए उद्योगों व वाहनों के धुआं उत्सर्जन और सड़कों तथा निर्माण स्थलों से उड़ने वाला धूल भी काफी हद तक जवाबदेह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' द्वारा दुनिया के 1650 शहरों वायु प्रदूषण पर में किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक भारत की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता अन्य शहरों की तुलना में बहुत खराब है। स्विट्जरलैंड की संस्था आईक्यू एयर की 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी-202' रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में भारत तीसरा सर्वाधिक प्रदूषित देश है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से 83 शहर भारत के हैं। रिपोर्ट के अनुसार बीते साल 2023 में



भारत का सबसे ज्यादा प्रदूषित महानगर दिल्ली तथा शहर राजस्थान का भिवाड़ी रहा। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित राजधानियों में नई दिल्ली दूसरे पायदान पर रहा। आंकड़ों को देखें तो देश के 60 फीसदी शहरों में प्रदूषण का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से सात गुना ज्यादा है।

बहरहाल भारत जैसे विकासशील देश में वायु प्रदूषण बहुत ही गंभीर चुनौती है जिसका असर जनस्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।एक रिपोर्ट के मुताबिक वायु प्रदूषण के कारण पूरी दुनिया में हर साल तकरीबन 70 लाख असामयिक मौतें होती हैं,जिसमें अकेले भारत में 20 लाख लोगों की मौत होती है। एक अन्य शोध के मुताबिक भारत में प्रदूषण के कारण लोगों की जिंदगी पांच साल कम हो रही है। प्रदूषण के कहर से लाखों लोग फेफड़ों और दिल के गंभीर बीमारियों का शिकार भी होते हैं। आलम यह कि देश के सैकड़ों शहरों की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में हैं फलस्वरूप बच्चों और बुजुर्गों में श्वसन तंत्र से संबंधित रोगों में लगातार इजाफा हो रहा है। इसके अलावा कैंसर, मधुमेह , स्ट्रोक , फेफड़ों के कैंसर और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ 'सीओपीडी' जैसे रोगों का एक मुख्य वजह वायु प्रदूषण है। पर्यावरण प्रदूषण से केवल जनस्वास्थ्य पर ही बुरा असर नहीं पड़ रहा है बल्कि इसका अर्थव्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है जिससे देश की आर्थिक और सामाजिक विकास बाधित हो रही है। वायु प्रदूषण के कहर से छत्तीसगढ़ राज्य भी अछूता नहीं है , इस राज्य के औद्योगिक शहर जहाँ कोयला आधारित उद्योग और निर्माण कार्य संचालित हो रहे हैं वहां वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राज्य के राजधानी रायपुर सहित सभी प्रमुख शहरों में वायु की गुणवत्ता को संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता वहीं घरों के छतों और फर्श पर काली धूल की परत वायु प्रदूषण की चुगली कर रहा है। औद्योगिक नगरी कोरबा के रहवासी अब सफेद राखड़ और काली धूल के आदी हो चुके हैं वहीं रायगढ़, भिलाई सहित अन्य शहर कोयला आधारित उद्योगों से निकलने वाले धुआं और धूल की वजह से हलाकान हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में भी किसान अब अगली फसल के लिए खेतों में पराली जलाने लगे हैं जो भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बन सकता है। राज्य में औद्योगिक प्रदूषण के कारण आसपास के गांवों के खेत बंजर में तब्दील हो चुके हैं फलस्वरूप कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ है। वायु प्रदूषण सिर्फ आम जनजीवन को ही प्रभावित नहीं कर रहा है बल्कि यह पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं सहित परिस्थिकीय तंत्र पर भी बुरा असर डाल रहा है।


देश में प्रदूषण के लिए मुख्यतौर से बढ़ती आबादी, पराली जलाने, कारखानों और वाहनों के धुएं, पटाखों और निर्माण स्थलों से उड़ने वाले धूल, खाना पकाने के लिए चारकोल और लकड़ी का उपयोग, जंगलों की अंधाधुंध कटाई और खनिज खनन सहित एयरकंडीशनर का बढ़ता उपयोग इत्यादि कारण जिम्मेदार हैं। भारत एक उत्सवधर्मी देश है जहां दीपावली सहित विभिन्न उत्सवों में खूब पटाखे छोड़े जाते हैं। बिलाशक पटाखों से वायु और ध्वनि प्रदूषण दोनों होता है लेकिन सरकारी बंदिश को धता बताकर खूब पटाखे जलाए और छोड़े जाते हैं। पटाखों में तांबा, कैडमियम, सल्फर, एल्यूमिनियम, बेरियम, आर्सेनिक, लीथियम के घातक रासायनिक कंपाउंड होते हैं जिसके जलने से जहरीला धुआं निकलता है। इस धुआं की वजह से सांस संबंधी रोग, त्वचा और नेत्ररोग सहित फेफड़ों के कैंसर हो सकता है। पटाखों के तेज आवाज की वजह से श्रवण शक्ति कमजोर हो सकती है इसके अलावा हृदय से संबंधित विभिन्न रोग, हृदयाघात, उच्च रक्तचाप और अनिद्रा जैसे रोग भी हो सकते हैं। पटाखों से निकलने वाली धुआं और तेज आवाज पर्यावरण और परिस्थितिकी तंत्र पर भी विपरीत प्रभाव डालता है। घातक धुआं और आवाज पेड़ - पौधों और पालतू पशुओं पर भी बुरा असर डालते हैं। आसन्न दीपावली के मद्देनजर यह भी तय है कि तमाम पाबंदियों और खतरों के बावजूद पटाखे तो चलेंगे लेकिन इस दिशा में आम नागरिकों की भी जवाबदेही है कि वे सेहत और पर्यावरण के लिहाज से ग्रीन पटाखों का उपयोग करें।

दरअसल सिंगल यूज प्लास्टिक नॉन - बायोडिग्रेडेबल होते हैं जो सैकड़ों सालों तक नष्ट नहीं होते। कचरों के साथ प्लास्टिक के जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और डाई-ऑक्सीन जैसी जहरीली गैसों का उत्सर्जन होता है जो मनुष्य के श्वसन और तंत्रिका तंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाता है साथ ही यह गर्भवती माता और गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए भी घातक होता है। एक वैज्ञानिक शोध के मुताबिक सिंगल यूज प्लास्टिक के जलने से पैदा होने वाले धुएं से फेफड़े से संबंधित दमा, टीबी और कैंसर सहित आंखों से संबंधित रोग हो सकते हैं।

विचारणीय है कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लेकिन इस देश में पर्यावरण कभी भी राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं बना।दिल्ली में जहरीली हवा पर हर साल मचने वाले सियासी बवाल को परे रख दें पर्यावरण प्रदूषण कभी भी संसद में गंभीर बहस का मुद्दा नहीं बना।अलबत्ता जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए प्रदूषण पर प्रभावी रोकथाम जरूरी है, इसके लिए जंगलों की कटाई, कोयला खनन, पहाड़ों की कटाई व खुदाई को रोकते हुए औद्योगिक व अधोसंरचनात्मक प्रदूषण पर सख्ती से रोकथाम लगाना होगा लेकिन सरकारों के औद्योगिक और चकाचौंध विकास की भूख इसमें बाधक हैं। परंपरागत ऊर्जा संसाधनों के उपयोग को सीमित करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और बॉयोगैस के प्रचलन को प्रोत्साहित करना होगा वहीं अपरंपरागत ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश को बढ़ाना होगा। आम नागरिकों की भी जवाबदेही है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए लागू प्रतिबंधों और कानूनों के प्रति स्व-अनुशासित और जागरूक हों।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अर्थव्यवस्था
शैलेंद्र शुक्ला




# खुद को फिर से मजबूत बना रहा भारतीय बाजार

कुछ दिनों पहले मुझे चीन और हांगकांग जाने का मौका मिला। वहां के लोगों से बात करके मैंने भारत की अर्थव्यवस्था को उनके साथ तुलना करने की कोशिश की। भारत का स्थिर आय वाला बाजार सुधारों और नई तकनीकों के ज़रिए खुद को फिर से मजबूत बना रहा है और दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। हालांकि तरलता (लिक्विडिटी) और पारदर्शिता (ट्रांसपेरेंसी) जैसी चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं, लेकिन भारत की विकास की रफ्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर के नियमों का पालन नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता। मजबूत नियम, पारदर्शिता का बढ़ता स्तर और बेहतर क्रेडिट रेटिंग प्रणाली जैसे कारक भारत को कई विकसित देशों के बराबर और उनसे आगे निकलने का अवसर देते हैं। एक अच्छी तरह से तैयार किया गया संस्थागत ढांचा भारत के स्थिर आय बाजार के लिए भविष्य में आशाजनक संभावनाएं दिखाता है।चु नौतियों से निपटने के बाद, भारत अब एक प्रमुख ऋण जारी करने वाला देश बन गया है।

भारत का स्थिर आय बाजार, जिसे पहले उभरता हुआ माना जाता था, अब एक वैश्विक ताकत बनने की ओर बढ़ रहा है। जबकि दुनियाभर में पारदर्शिता और नियमों का पालन करने पर जोर दिया जाता है, भारत ने भी इन मानकों को प्राप्त करने की अपनी विशेष दिशा बनाई है। सुधारों और नए कदमों से भारत का यह बदलता हुआ परिदृश्य इसे एक विशेष ताकत और क्षमता वाले बाजार के रूप में स्थापित करता है। भारत का नियामक (रेगुलेटरी) ढांचा मजबूत है और लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पारदर्शिता बढ़ाने और निवेशकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं। हालिया सुधार जैसे कॉर्पोरेट बॉन्ड्स के लिए अनिवार्य जानकारी देना और नियमों को आसान बनाना यह दिखाते हैं कि भारत का नियामक ढांचा लचीला और बदलते हालातों के मुताबिक है। दुनिया के कई बाजारों के विपरीत, जहां पहले से ही स्थापित ढांचे होते हैं, भारत का यह लचीलापन उसे नए और अनोखे तरीके से आगे बढ़ने की अनुमति देता है। दुनिया के बाजारों ने भले ही पारदर्शिता के लिए मानक तय कर दिए हों, लेकिन भारत इस अंतर को तेजी से कम कर रहा है। सेबी के समय पर जानकारी देने और अच्छे कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर जोर के साथ, भारतीय कंपनियां तेजी से दुनिया की सबसे अच्छी प्रथाओं के साथ मेल खा रही हैं। सेबी की पहले, जैसे रिपोर्टिंग प्रारूपों को एक जैसा करना और जानकारी देने की आवृत्ति बढ़ाना, ने निवेशकों का विश्वास काफी बढ़ा दिया है। पारदर्शिता में सुधार पर भारत का ध्यान, यह दिखाता है कि वह एक साफ और ईमानदार आर्थिक तस्वीर देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उसे एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य बनाता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती


### पुलिस को मिले पूरा सम्मान

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों के बलिदान के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर, वर्ष 1959 में लद्दाख में चीन के कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। और यह देश के उन पुलिस कर्मियों के लिए भी मनाया जाता है जिन्होंने आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। देश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की मुख्य भूमिका होती है। जब हम सभी त्योहार मना रहे होते हैं, तब पुलिस हमारी सुरक्षा की खातिर फर्ज निभा रही होती है। कभी-कभी धरने-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस को हिंसक झड़पों का भी सामना करना पड़ता है। दुखद बात यह है कि भारत में पुलिस को उतना सम्मान नहीं मिलता, जितना मिलना चाहिए। *- मदन बाजवा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### चीन ने ताइवान के खिलाफ किया सैन्य अभ्यास

चीन ने ताइवान से सटे दक्षिणी फुजियान प्रांत के तट पर सैन्य अभ्यास किया जिसमें गोलियों और गोलाबारूद का इस्तेमाल किया गया। चीन ने इसे ताइवान के राष्ट्रपति द्वारा उसके (चीन के) संप्रभुता के दावे को खारिज करने के कारण दंड स्वरूप किया गया अभ्यास बताया है। चीन ने एक सप्ताह पहले ही ताइवान के खिलाफ व्यापक स्तर पर हवाई एवं समुद्री अभ्यास किया था। समुद्री सुरक्षा प्रशासन से जारी एक नोटिस के अनुसार, यह अभ्यास फुजियान प्रांत के पिंगटन द्वीप के निकट सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक किया गया। नोटिस में जहाजों को क्षेत्र में आने से बचने की चेतावनी दी गई थी। हालांकि इसमें अतिरिक्त विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। बयान के अनुसार, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन का यह सैन्य अभ्यास वार्षिक अभ्यास का हिस्सा था और वह उन पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि चीन की यह कार्रवाई ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव को बढ़ाने वाली है और क्षेत्र में मुक्त आवागमन के संदर्भ में उसकी धमकी भरी कार्रवाई के विस्तार के तरीकों में से एक है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है और चीन उसे अपना क्षेत्र होने का दावा करता है।



## ऑफ बीट

### जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर

आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, तस्वीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है। वैज्ञानिकों को लंबे समय से पता है कि कैलोरी का सेवन कम करने से जानवर लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। 1930 के दशक में, यह देखा गया कि कम कैलोरी वाले चूहे उन चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे जो जितना चाहें उतना खा सकते थे। इसी तरह, जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं। लेकिन विशेष रूप से एकल जीन को दीर्घायु से जोड़ना हाल तक विवादास्पद था।



## ट्रेंड

### स्वागत के लिए आभारी



कजान में स्वागत के लिए आभारी हूँ। भारतीय समुदाय ने अपनी उपलब्धियों से पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता भी उतनी ही प्रसन्नता की बात है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा का दबाव



भाजपा के पक्षपाती माहौल में पुलिस का दर्द और पुलिस का सच, पुलिस से अच्छा कोई और क्या जाने। यूपी की पुलिस के हाथों में भाजपाइयों के दबाव की हथकड़ियाँ पड़ी हैं। बंधे हाथों से निष्पक्षता और न्याय की उम्मीद बेमानी है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### हाइड्रोजन-ईंधन वाली बस



ऊर्जा परिवर्तन के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता बहुत सराहनीय है। इंडियन ऑयल द्वारा विकसित यह हाइड्रोजन-ईंधन वाली बस सार्वजनिक परिवहन के लिए गेम चेंजर होगी, उत्सर्जन को खत्म करेगी और स्वच्छ हवा प्रदान करेगी

-अनिल अग्रवाल, कारोबारी

### जीवन का अर्थ



हम चीजों को समझने के लिए कहानियां सुनाते हैं। जीवन का अर्थ समझाने के लिए, अन्यथा हम एक अनंत और शाश्वत ब्रह्मांड में अपने सीमित स्व के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर

बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी

वर्ष : 23, अंक : 98

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 33.4

न्यून. 22.7

# राष्ट्रमंडल खेलों से हटाए हॉकी और क्रिकेट सहित कई खेल, भारत की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका

**ग्लास्गो में 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक राष्ट्रमंडल खेल**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) की तैयारियों को बड़ा झटका लगा है। मेजबान शहर ग्लास्गो ने 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, निशानेबाजी, टेबल टेनिस, स्क्वैश, निशानेबाजी और ट्रायथलॉन जैसे प्रमुख खेलों को हटा दिया है। यह भारत की पदक जीतने की उम्मीदों पर चोट है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 से पहले भारत को झटका लगा है। पिछले खेलों में जिन 12 में से 6 स्पोर्ट्स में भारत ने पदक जीते थे, उन्हें हटा दिया गया है। इसके पीछे खेलों की लागत को सीमित करने का कारण बताया जा रहा है। कॉमन वेल्थ गेम 2026 में '74 राष्ट्रमंडल देशों और क्षेत्रों से लगभग 3,000 सर्वश्रेष्ठ एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। बता दें कि 1966 से बैडमिंटन को कॉमन वेल्थ गेम्स के हर संस्करण में खेला जाता रहा है, जबकि स्क्वैश और हॉकी 1998 से इन खेलों का हिस्सा रहे हैं।





### हटाए गए खेलों में भारत ने जीते थे कई पदक

राष्ट्रमंडल खेलों का यह कार्यक्रम भारत की पदक संभावनाओं के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि इससे पहले भारत ने अधिकतर पदक उन खेलों में जीते थे, जिन्हें हटाया गया है। निशानेबाजी को बर्मिंघम खेलों के कार्यक्रम से भी हटाया गया था और उसकी वापसी की कम उम्मीद थी।

commonwealth games GLASGOW 2026

### भारत ने इन खेलों में जीते थे स्वर्ण पदक

2022 कॉमन वेल्थ गेम में, भारत ने 22 स्वर्ण सहित 61 पदक जीते थे। कुश्ती (12), मुक्केबाजी और टेबल टेनिस (7-7), बैडमिंटन (6), हॉकी और स्क्वैश (2-2) और क्रिकेट (1) ने आधे से अधिक पदक जीते - 37।

### खेलों का आयोजन होगा चार जगहों पर

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के बयान के अनुसार, इन खेलों का आयोजन चार स्थलों स्कॉट्सटाउन स्टेडियम, टोलक्रॉस इंटरनेशनल तैराकी केंद्र, एमिरेट्स एरेना और स्कॉटिश प्रतियोगिता परिसर (एसईसी) में किया जाएगा।

### सीजीएफ ने इन खेलों को शामिल किया

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के बयान में कहा गया है, खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एवं फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिम्नास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को शामिल किया गया है।


श्री रावतपुरा सरकार
इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी
फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
बी.फार्मा
डी.फार्मा, एम.फार्मा
काउंसलिंग की तिथि
07-10-24 से 11-10-24 तक
7222910430/41


## खबर संक्षेप

### जनगणना आयुक्त की दो साल बढ़ी प्रतिनियुक्ति

**नई दिल्ली।** भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के रूप में कार्यरत मृत्युंजय कुमार नारायण की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अगस्त 2026 तक बढ़ा दी गई है। नारायण 1995 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वह 2020 से केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन प्रमुख पद (महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त) पर कार्यरत हैं। राष्ट्रपति आईएएस अधिकारी (उप्र:1995) मृत्युंजय कुमार नारायण, महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त, गृह मंत्रालय की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि छह दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर चार अगस्त, 2026 तक या अगले आदेश तक करके खुश हैं।



दोस्ती का दिखा नया रंग : पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति से किया यूक्रेन युद्ध का जिक्र

# पुतिन से बोले मोदी-युद्ध नहीं शांति से समाधान, आज जिनपिंग से होगी बात

एजेंसी ▶▶| कजान

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरुआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली का 'पूर्ण समर्थन' करता है। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच 'घनिष्ठ' तालमेल और गहरे विश्वास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयास मानवता को प्राथमिकता देते हैं। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे पास इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर है।

पुतिन ने रूस और भारत के बीच व्यापार की 'अच्छी स्थिति' का उल्लेख किया। अपने संबोधन में मोदी ने जुलाई में मॉस्को में पुतिन के साथ अपनी शिखरवार्ता ▶▶|शेष पेज 2 पर

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के कजान शहर में पहुंचने के कुछ घंटों बाद पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बुधवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम मोदी वार्ता करेंगे।*

### खास बातें

- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने रूस पहुंचे पीएम मोदी
- पीएम मोदी और राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई
- पांच महीनों के भीतर दोनों नेताओं के बीच यह दूसरी मुलाकात



### द्विपक्षीय वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना, रक्षा और सुरक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर सहयोग शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'पिछले तीन महीनों में रूस की मेरी दो यात्राएं हमारे घनिष्ठ समन्वय और गहरी दोस्ती को दर्शाती हैं।



### आज ब्रिक्स सम्मेलन, रूस में दुनियाभर के नेता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य देशों के नेता बुधवार को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मंगलवार को रूस के कजान शहर पहुंचे। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने शिखर सम्मेलन को रूस द्वारा विदेश नीति पर आयोजित 'अब तक का सबसे बड़ा आयोजन' बताया। इसमें 36 देश भाग ले रहे हैं और उनमें से 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष हैं।

### पांच साल बाद मिलेंगे पीएम मोदी-जिनपिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों नेताओं के बीच पांच साल बाद यह पहली औपचारिक मुलाकात होगी। इससे पहले दोनों नेता साल 2019 में ब्राजील में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच यह बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर 23 अक्टूबर को होगी। मिस्री ने कहा कि द्विपक्षीय बैठक का समय कल ही निर्धारित होगा।

### ईरान के राष्ट्रपति से मिले मोदी

कजान में प्रधानमंत्री मोदी की ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें आपसी सहयोग से जुड़े मुद्दे शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब ईरान के राष्ट्रपति ने केवल यही कहा कि बैठक अच्छी थी।

# गुंडे ने थाने में मचाया उत्पात टीआई सहित 6 लाइन अटैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

थाने में गुंडा बदमाश द्वारा गाली-गलौज कर उत्पात मचाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद एसपी ने थाने के टीआई और पांच सिपाहियों को लाइन अटैच कर दिया है।

रतनपुर निवासी विकास उर्फ विक्कू रावत एक आदतन बदमाश है, जिसका नाम थाने की गुंडा-बदमाश सूची में शामिल है। मंगलवार को उसका वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह थाने के अंदर पुलिसकर्मियों के सामने गाली-गलौज ▶▶|शेष पेज 2 पर

### टीआई चौहान होंगे रतनपुर थाना प्रभारी

एसपी ने टीआई रजनीश सिंह को लाइन अटैच करते हुए पुलिस नियंत्रण कक्ष में पदस्थ टीआई नरेश चौहान को रतनपुर थाना प्रभारी नियुक्त किया है। ओमप्रकाश कुजूर को पुलिस नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है।

### खबरी बनकर काम कर रहा था बदमाश

जेल से बाहर आने के बाद, विकास रावत थाने का खबरी बन गया था। पुलिसकर्मियों के कहने पर वह अवैध शराब बेचने वालों के पास जाकर जानकारी जुटाता था, जिससे उसका हौसला बढ़ गया था।

### टीआई सहित 6 लाइन अटैच

गुण्डा बदमाश द्वारा थाने में गाली गलौज कर हंगामा मचाना गंभीर बात है। लापरवाही बरतने वाले टीआई व थाने में उपस्थिति 5 आरक्षकों को लाइन अटैच किया गया है। बदमाश के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

\- रजनेश सिंह, एसपी

# चक्रवात 'डाना' का डर ओडिशा और बंगाल में स्कूल-कॉलेज बंद



एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर/कोलकाता

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के चक्रवात में बदलने और खतरे की आशंका के मद्देनजर पश्चिम बंगाल सरकार ने ऐहतियात के तौर पर 23 से 26 अक्टूबर तक राज्य के नौ जिलों में सभी स्कूल-कॉलेजों को बंद रखने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ममता ▶▶|शेष पेज 2 पर

- 14 जिलों में स्कूल, कॉलेज 23 से 25 अक्टूबर तक बंद रहेंगे

### राष्ट्रपति का दौरा भी रद्द

वहीं, चक्रवात को लेकर ओडिशा में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति का निर्धारित दौरा भी रद्द कर दिया गया है।

### 150 से अधिक ट्रेन रद्द

इधर, चक्रवात के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र से गुजरने वाली 150 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है।

**जहाज व विमान तैनात :** भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को कहा कि वह बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान बनने की आशंका के मद्देनजर किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटने के लिए अत्यधिक सतर्क है और उसने अपने जहाजों तथा विमानों को तैनात किया है।

# मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने 10 करोड़




- सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बजट राशि 50 से बढ़ाकर की 75 करोड़
- पारंपरिक वाद्य यंत्रों और बांस की टोपी व जंगली फल पत्तियों की माला से सीएम का स्वागत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के मयाली में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने विधायक रेणुका सिंह की मांग पर सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बजट राशि को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने की घोषणा की। उन्होंने मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा भी की।

# बस में सवार युवक के पास मिली 28 लाख की चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर यात्रा कर रहे एक युवक से पुलिस ने 28 लाख की चांदी जब्त की है। सिंघोड़ा पुलिस को सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस को यह सफलता मिली है। बता दें कि चार पहिया वाहनों की चेकिंग के दौरान लगातार धरपकड़ होने के ▶▶|शेष पेज 2 पर



- ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर कर रहा था सफर, मुखबिर की सूचना पर मिली सफलता

### नहीं प्रस्तुत कर पाया वैध दस्तावेज

संदेही के बैग की तलाशी के दौरान उसमें 23 नग कच्ची चांदी के छोटे एवं बड़े टुकड़े मिले। आरोपी द्वारा इस चांदी को लेकर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कुल 29.210 किलोग्राम चांदी कीमत 2833370 रुपए को बरामद कर थाना सिंघोड़ा में अपराध धारा 106 भा.ना.सु.सं. के तहत कार्रवाई की गई।

**एक दर्जन से अधिक घायल**

# ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में ब्लास्ट दो कर्मचारियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर

मध्यप्रदेश में जबलपुर जिले के खमरिया में स्थित आयुध कारखाने में मंगलवार की सुबह भीषण विस्फोट हुआ। इसमें दो कर्मचारियों के मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कारखाने के एफ6 अनुभाग में पिच्योरा बम को निष्क्रिय करते समय अचानक आग लग गई, जिससे जोरदार धमाका हुआ। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत महाकौशल अस्पताल भेजा गया। ▶▶|शेष पेज 2 पर



### घटना की जांच के आदेश

घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही विस्फोट का कारण पता चल पाएगा। अधिकारी ने बताया कि कारखाने के फायर ब्रिगेड तथा सुरक्षा कर्मचारियों ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है।


MARUTI SUZUKI ARENA

ऐसी ड्राइव का आनंद उठाएं जो भर दे आपके जीवन में उमंग।
पाएं दिवाली ऑफ़र्स मन की शांति के साथ।




महा बचत SWIFT ₹63 100* BREZZA ₹38 000* WAGONR ₹61 100*

GOLD COIN | 100% ON-ROAD FUNDING AVAILABLE | 3 years 100 000 km WARRANTY* | SCAN TO CHAT WITH US

SWIFT BREZZA WAGONR

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP. Black glass on the vehicle is due to lighting effect.

SKY AUTOMOBILES RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422, 9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.

SPARSH AUTOMOBILES RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.

VISHWABHARTI AUTOMOBILES RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.

HDN MOTORS RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA: 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.

CHOUHAN AUTOMOBILES BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029

*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. *Terms and conditions apply. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. *Total offer is inclusive of Gold Coin offer applicable on Alto K10, S-Presso, Celerio, Swift and Brezza. Above offers are valid till 31st Oct, 2024.




## टीवी मसाला



## केबीसी 16 में फराह व बोमन हॉट सीट की बढ़ाएंगे शोभा...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किया जाने वाला 'कौन बनेगा करोड़पति 16' भारतीय टेलीविजन पर सबसे पसंदीदा क्विज शो में से एक है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने नए एपिसोड से पहले एक नया प्रोमो साझा किया। क्लिप से पता चलता है कि आगामी एपिसोड में फराह खान और बोमन ईरानी हॉट सीट की शोभा बढ़ाएंगे। क्लिप में, हम बोमन ईरानी और फराह खान को अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के मंच पर आते हुए देख सकते हैं। वे हंसी और कॉमेडी लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो आपको खूब गुदगुदाएगा। प्रमोशनल वीडियो में मेहमानों को हंसते हुए भी दिखाया गया है जबकि बिग बी मजाकिया चेहरा बनाते नजर आते हैं। बोमन ईरानी और फराह खान 25 अक्टूबर को हॉट सीट की शोभा बढ़ाएंगे। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'जब फराह और बोमन हो साथ तो केबीसी पर कॉमेडी से भरी रात पक्की है।'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16' ने हाल ही में 50 एपिसोड पूरे किए। सेट पर जैसे ही अमिताभ बच्चन ने इस बड़ी खबर की घोषणा की, उत्साहित दर्शक तालियां बजाने से खुद को नहीं रोक सके।

## बिग बॉस के घर से बाहर होने के बाद हेमा शर्मा ने किए बड़े खुलासे...

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 18' शुरुआत से ही चर्चा में बना हुआ है। वहीं हाल ही में शो से पहला एलिमिनेशन हुआ। शो से पहले वीकेंड के वार में हेमा शर्मा घर से बेघर हुई। जिन्होंने बाहर आकर अब कई बड़े खुलासे किए। साथ ही ये भी कहा कि वो ही शो की विनर है। हेमा शर्मा ने कहा कि, 'ईमानदारी से कहूं तो कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। इस रिजल्ट की मुझे या किसी को भी उम्मीद नहीं थी। ये मेरे फैंस के लिए बेहद निराशाजनक था। लेकिन, मैंने इसे मुस्कुराते हुए स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा जिन्हें मुझसे बहुत उम्मीदें थी और वो मुझे मजबूत खिलाड़ी के रूप में देखते थे उनके लिए ये एक झटका है। मुझे यकीन है कि दूसरे प्रतियोगी भी इस रिजल्ट को लेकर यही सोचते होंगे कि मेरा बाहर होना सही नहीं था।'बिग बॉस के जेल में होने को लेकर हेमा शर्मा ने कहा कि, 'जेल में सिर्फ तेजेंद्र सिंह बग्गा और मैं थे।



## बॉलीवुड का वो एक्टर जो था डायलॉग एक्सपर्ट, सिर्फ 4 घंटे में लिखे बोल


*बॉलीवुड में वैसे तो कई ऐसे सितारे हैं, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और सिंगिंग से लोगों को लुभाया। लेकिन क्या आप बॉलीवुड के उस एक्टर के बारे में जानते हैं, जिन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जादू चलाया और 250 से ज्यादा फिल्मों के लिए डायलॉग भी लिखे हैं। वो एक्टर जो पर्दे पर जिस किरदार में उतरा उसी किरदार में रम गया। लोगों ने उन्हें शानदार स्टार ही नहीं, एक्सपर्ट डायलॉग राइटर भी बताया।*

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड का ये दिग्गज और कोई नहीं, बल्कि कादर खान हैं। वो आज इस दुनिया में तो नहीं हैं, लेकिन उनके किस्से-कहानियों के साथ उनके वो मजेदार डायलॉग्स आज भी लोगों के जहन में जिन्दा हैं। बॉलीवुड में 'ऑल इन वन' के नाम से फेमस हुए कादर खान को कोई कैसे भूला जा सकता है। कादर खान के अंदर वो काबिलियत थी कि खलनायक बनकर जुल्म करना हो या रोते को हंसाना, वो सब करते थे, जिसकी दरकार डायरेक्टर को होती थी। आपको ये जानकर हैरानी होगी उन्होंने 1972 में आई एक फिल्म के डायलॉग सिर्फ 4 घंटे में लिखे थे। ये फिल्म थी 'जवानी दीवानी'। फिल्म में जया भादुड़ी (जया बच्चन) और कपूर खानदान के बेटे रणधीर कपूर लीड रोल में नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट थी। फिल्म के कलाकारों ने तो दर्शकों का दिल जीता ही, इसकी कहानी और डायलॉग भी खूब पसंद किए गए थे।



### डायलॉग लिखने में एक्सपर्ट थे कादर खान

दरअसल, कादर खान डायलॉग लिखने में एक्सपर्ट थे। उन्होंने अपने करियर में तीन सौ से ज्यादा फिल्मों में काम किया और इनमें से करीब 200 फिल्मों के लिए डायलॉग लिखे। इन्हीं में से एक फिल्म थी रणधीर कपूर और जया भादुड़ी की 'जवानी दीवानी'। खास बात तो ये है कि फिल्म के लिए डायलॉग लिखने के लिए कादर खान ने कोई 1-2 साल या 1-2 महीने नहीं, बल्कि सिर्फ चार घंटे का समय लिया था। इन बेहतरीन डायलॉग्स के दम पर ही फिल्म सुपर-डुपर हिट थी।



### रोमांटिक डायलॉग्स के दम पर फिल्म ने की थी छप्परफाड़ कमाई

कादर खान ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि जवानी दीवानी के डायरेक्टर नरेंद्र बेदी उनके पास आए। उन्होंने फिल्म के लिए डायलॉग लिखने को कहा। लेकिन इसके लिए वह तैयार नहीं थे। लेकिन, नरेंद्र बेदी के कहने पर वह उनके ऑफिस पहुंच गए और फिर फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर मरीन ड्राइव चले गए। यहां उन्होंने बैठे-बैठे फिल्म के डायलॉग लिखे और 3-4 घंटे में ही फिर वापस नरेंद्र बेदी के पास पहुंचे। पहले तो कादर खान देखकर नरेंद्र बेदी हैरान रह गए। उन्हें लगा कि शायद कादर ने डायलॉग लिखे ही नहीं।लेकिन, जैसे ही कादर खान ने उनकी तरफ कागज बढ़ाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने फिल्म के डायलॉग पढ़े और कादर खान को गले से लगा लिया। कादर खान ने अपने इंटरव्यू में बताया था कि ये उनकी जिंदगी के सबसे यादगार लम्हों में से है, जिसे वो कभी नहीं भुला पाए। कादर खान के लिखे रोमांटिक डायलॉग्स के दम पर फिल्म ने छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म की कहानी, डायलॉग से लेकर गानें तक लोगों ने काफी पसंद किया था।

## अध्यात्म गुरु की बायोपिक के लिए हीरो की तलाश जारी...

**नई दिल्ली।** एक तरफ ऐसी खबरें सरपट चल रही हैं कि विक्रांत को ये बायोपिक ऑफर हुई है तो दूसरी तरफ दावे ये भी किए जा रहे हैं कि इस तरह की खबरें विक्रांत की आगामी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर चल पड़ी हैं। इस साल जुलाई में आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर की बायोपिक का ऐलान हुआ। लेकिन, तब से लेकर अब तक कोई बड़ा हीरो इस फिल्म में काम करने को तैयार नहीं हुआ है। समय-समय पर कलाकारों के नाम सामने आते हैं, लेकिन पक्की मुहर किसी पर अभी तक नहीं लग पाई है। अब कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि बायोपिक में लीड भूमिका के लिए अभिनेता विक्रांत मैसी से बातचीत की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की बायोपिक में मुख्य भूमिका के लिए विक्रांत मैसी से बात चलाई गई है। यह इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म है, जिसे सिद्धार्थ आनंद, महावीर जैन प्रोड्यूस करेंगे। बीते वर्ष आई फिल्म '12वीं फेल' के बाद विक्रांत का स्टारडम यूं भी चरम पर है। ऐसे में निर्माता इस बायोपिक के लिए उन पर भरोसा जता सकते हैं।



## वो ब्लॉकबस्टर फिल्म, जिसने थियेटर में पूरे किए 1000 दिन

***मुंबई।*** *क्या आप यकीन कर सकते हैं कि एक फिल्म थियेटर में 1000 दिन पूरे कर चुकी है और आज भी चल रही है? हां, ऐसी एक फिल्म आज भी थियेटर में चल रही है। वो किसकी फिल्म है? और आज तक वो फिल्म दर्शकों को क्यों आकर्षित कर रही है? बचपन से अभिनय की शुरुआत करने वाले अभिनेता सिलंबरासन आज तमिल सिनेमा के प्रमुख अभिनेता बन चुके हैं। बाल कलाकार के रूप में पहचान बनाने वाले सिम्बु ने कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने अपने पिता टी. राजेन्दर द्वारा निर्देशित 'काधल अजीवधिल्लई' फिल्म से उन्होंने हीरो के रूप में डेब्यू किया। इसके बाद 'थम', 'कुथु' जैसी फिल्मों में काम करने के बाद सिम्बु को 'मनमधन' जैसी बड़ी हिट फिल्म मिली। इन फिल्मों की कहानी और पटकथा भी उन्होंने खुद लिखी थी।*



### असफलताओं का भी करना पड़ा सामना

इस फिल्म ने बड़ी सफलता हासिल की और सिम्बु के करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया। इसके बाद सिम्बु ने कई हिट फिल्में दीं, लेकिन एक समय पर उन्हें कुछ असफलताओं का भी सामना करना पड़ा। लंबे समय बाद, 'मानाडु' फिल्म के साथ उन्होंने शानदार वापसी की। इसके बाद 'वेंधु थानिंधथु काडु', 'पथु थला' जैसी फिल्मों से उन्होंने लगातार सफलताएं हासिल कीं। सिम्बु ने कमल हासन के साथ 'थगलाई' नामक फिल्म में काम पूरा कर लिया है। मणिरत्नम द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल अप्रैल में रिलीज होने की उम्मीद है।

**'विन्नथ्थान्दि वारुवाया' ने हासिल की विशेष उपलब्धि :** इन सबके बीच सिम्बु की करियर की यादगार फिल्मों में से एक 'विन्नथ्थान्दि वारुवाया' ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, हर साल वेलेंटाइन डे के मौके पर यह फिल्म कई सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होती है। इस तरह से फिर से रिलीज हुई 'विन्नथ्थान्दि वारुवाया' फिल्म चेन्नई के पीवीआर सिनेमाघर में 1000 दिन पूरे कर चुकी है और सफलतापूर्वक चल रही है। एक फिर से रिलीज हुई फिल्म का 1000 दिन पूरे करना पहली बार हुआ है। इस तरह की उपलब्धि सिम्बु की 'विन्नथ्थान्दि वारुवाया' फिल्म ने हासिल की है।

## कारीगरों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

*कृतिका कामरा ने टीवी जगत और फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों पर हमेशा अपनी छाप छोड़ी है। अब उन्होंने एक ऐसी सामाजिक पहल की है कि हर कोई अभिनेत्री की तारीफ कर रहा है। कृतिका ने मध्य प्रदेश के चंदेरी के कलाकारों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृतिका ने चंदेरी की स्थानीय कला को पुनर्जीवित करने और कारीगरों की मदद के लिए नया मिशन शुरू किया है। इसकी शुरुआत उन्होंने अपनी मां के साथ की है। कृतिका कामरा ने अपनी मां के साथ मिलकर 'सिनेबार' नाम से एक फैशन पहल शुरू की है। इसके जरिए उन्होंने अपने होमटाउन चंदेरी के स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने का जिम्मा संभाला है। चंदेरी हथकरघा कला के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। कृतिका कामरा ने वहां के स्थानीय बुनकरों को अपनी शिल्पकला का कौशल दिखाने के लिए एक मंच भी दिया। अभिनेत्री और उनकी मां ने इन कारीगरों को उनके साथ काम करने का मौका किया है, जिससे उन्हें स्थायी आजीविका देते हुए उनके इस कौशल को सहेजने में भी मदद मिली है। इस पहल को लेकर कृतिका ने कहा, 'चंदेरी हमेशा से अपनी हथकरघा कला के लिए जाना जाता रहा है और इस शहर में पली-बढ़ी होने के कारण मेरे मन में उन कारीगरों के लिए बहुत सम्मान है, जो इस शिल्प को जीवंत बनाए हुए हैं। अपनी मां के साथ इस पहल की शुरुआत करना उस परंपरा का सम्मान करने के साथ-साथ हमारे समुदाय को वापस कुछ देने का एक तरीका भी है। हम एक ऐसा मंच बनाना चाहते थे, जहां ये प्रतिभाशाली कारीगर दुनिया के सामने अपना काम दिखा सकें। यह हमारे लिए एक व्यवसाय से कहीं बढ़कर है।




## ओटीटी पर 27 को रिलीज होगी 'मेयाझगन'...

**मुंबई।** तमिल फिल्मों के बड़े स्टार कार्ति की हालिया रिलीज फैमिली ड्रामा फिल्म 'मेयाझगन' को घर बैठे देखने का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी है। तेलुगु में 'सत्य सुंदरम' के नाम से रिलीज हुई ये फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। भावनात्मक रूप से बेहद गंभीर ये फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। सिनेमाघरों में दर्शकों का प्यार पाने के बाद निर्माताओं को उम्मीद है कि फिल्म को ओटीटी पर भी दर्शकों से काफी प्यार मिलने वाला है। सी प्रेम कुमार द्वारा निर्देशित 'का प्रीमियर 27 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। घर बैठ कर इस फिल्मों को देखने का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए ये फिल्म तमिल और तेलुगु के अलावा हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी।









## पान मसाला का विज्ञापन करने से इंकार...

**मुंबई।** अभिनेता अनिल कपूर ने एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। उन्हें लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने पान मसाला का विज्ञापन करने से साफ इंकार कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अनिल कपूर को पान मसाला का विज्ञापन करने का प्रस्ताव दिया गया और इसके लिए करीब 10 करोड़ रुपए ऑफर किए गए। हालांकि, नैतिक मूल्यों के चलते अनिल कपूर ने इस प्रस्ताव को तुरंत ठुकरा दिया। अनिल कपूर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए जाने जाते हैं। अनिल कपूर का कहना है कि इस तरह के प्रोडक्ट्स का समर्थन का और विज्ञापन करना एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में उनके नैतिक मूल्यों के विपरीत है। अनिल कपूर के इस फैसले पर उनके फैंस बेहद खुश हैं और उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। सोशल मीडिया पर अनिल कपूर को अपने इस फैसले के लिए जमकर प्रशंसा मिल रही हैं।

## डांस मूव्स से बनाया सबको दीवाना

**मुंबई।** आज हम आपको इंडस्ट्री की उस हसीना से मिलवाने जा रहे हैं। जिन्होंने अपने बचपन में काफी परेशानियां झेली। लेकिन, आज हम दम पर वो एक लैविश लाइफ जी रही हैं।ये कोई और नहीं, बल्कि अपने डांस मूव्स और परफेक्ट फिगर से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हैं। जिन्होंने अपने बचपन में काफी परेशानियां झेली है। दरअसल, आज मलाइका अरोड़ा अपने दम पर करोड़ों की मलाकिन हैं। जोकि एक लैविश लाइफ जीती हैं। लेकिन एक वक्त था जब उन्हें छोटे से घर में रहना पड़ता था। उनका बचपन भी काफी तंगी में गुजरा था। इसका खुलासा खुद मलाइका ने एक डांस रिएलिटी शोज में किया था। मैंने सिर्फ 17 साल की उम्र में ही मॉडलिंग शुरू कर दी थी।



चिन्हारी

डा. व्यास नारायण दुबे

## नंदावत हे उन्हारी अऊ सियारी




छत्तीसगढ़ ह धान के कटोरा ए। इन्हा के जादा मंखे मन खेती किसानी करथे। संगे संग म उन्हारी सियारी तक बोंथे। जेमा कुछु खरचा नी आवय। धान के निंदई के बेरा खेत के मेंढ़ म राहेर छित देथे, वोमा खातू निंदई कोडई नी लगय। राहेर हा फरथे ता वोला टोरके निछके साग खाथे। पाके के बाद वोला काटके पटक के रहेर निकालथे तहाने जाता मे दर के दार खाथे। एला छत्तीसगढ़ में सियारी कहे जाथे। उन्हारी तिवरा ल कहे जाथे। जेला धन छींटे के बेरा छींथे जाथे तेला उतेरा कहे जाथे। धान काटे के बेरा तिवरा ले भाजी निकल जाथे, जेला साग रांधथे। पेड़ मा फर लग जाथे वोला पाके के बाद गाड़ी में भर के कोठार में लाथे। वोला दार के रूप में उपयोग करे जाथे। येकर डारा पाना हा खातू के संग चारा के काम आथे। कतको मन ए फसल ले बड़ पईसा घलव कमाथे। कतको बछर होगे ए उदीम अब किसान मन ले देखे बर नी मिलय। पहिली ए फसल के रखवारी करे बर गांव के मन बनिहार लगात रिहीन। जेकर गांव गरू ए फसल ला चर डरत रिहिस वो मालिक ला दंडित करे जात रीहिस। लगत हे आने वाला बेरा मा ए हमर चिन्हारी ह नंदा जाही लगथे।

ऐतिहासिक

आचार्य सरयूकांत झा


## सार्वभौम राजा थे आचार्य इंद्रभूति



नागार्जुन की परंपरा में छत्तीसगढ़ के दूसरे आचार्य इंद्रभूति थे। एक साधक अवधूत होने के साथ ही वे एक सार्वभौम राजा थे। इनका राज्य संबलपुर से लेकर गरियाबंद के निकट सीता नदी तक फैला हुआ था। सन 1905 तक संबलपुर भी छत्तीसगढ़ में ही था। इंद्रभूति को सिद्धाचार्य की उपाधि प्राप्त थी। इन्होंने बौद्धों की कठिन साधना वाली वज्रयान शाखा का प्रादुर्भाव किया था। यही नहीं इंद्रभूति ने ही भगवान जगन्नाथ की उपासना का श्रीगणेश किया था। पूरी में जगन्नाथ की मूर्ति की स्थापना इन्होंने की थी। इंद्रभूति ने ज्ञान सिद्धि नामक ग्रंथ का निर्माण किया था, जिसमें उन्होंने बुद्ध को भगवान जगन्नाथ के रूप में देखा और उसी रूप में उनकी स्तुति की है। इनके लिखे 23 ग्रंथों का पता चलता है। इंद्रभूति के समस्त परिवार की चर्चा सिद्ध परंपरा में हुई है। इनकी बहन का नाम लक्ष्मीकरा था। चौरासी सिद्धों में इनकी गणना भी की जाती है। इंद्रभूति के पुत्रों में से एक पद्म संभव थे। इन्हें शांति रक्षित की उपाधि मिली थी। पद्म संभव शांति रक्षक को तिब्बती नरेश ने बड़े आदर सम्मान से तिब्बत आमंत्रित किया था। इन्होंने वहां समये विहार नामक साधना स्थली का निर्माण किया था। बौद्ध धर्म के तांत्रिक स्वरूप की स्थापना पद्म संभव ने ही की थी। तिब्बत के लांबाओ की तांत्रिक विधि की सत्ता और महत्ता सारे विश्व में आज भी विख्यात है।

पुस्तक समीक्षा

## गुरु गियान




कृति के नाव: गुरु गियान

कृतिकार: बाल कृष्ण गुप्ता

प्रकाशक: सर्वप्रिय प्रकाशन दिल्ली

छत्तीसगढ़ी अनुवाद: डा. पी सी लाल यादव

मूल्य: दो सौ रुपए

हर अंचल में लेखक अपनी कलम से स्थानीय संस्कृति को उभारने का प्रयास करते हैं। इतना ही नहीं कथा, कहानी के माध्यम से जन जागरण का काम भी लेखक करते आ रहे हैं। मुझे यहां हिन्दी में लिखी गई लघु कथा के माध्यम से जीवन में पथ प्रदर्शन का अच्छा चित्रण देखने को मिला। मैं इस लघु कथा को पढ़ कर काफी प्रभावित हुआ और छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर प्रकाशन कराया है। मैंने इस लघु कथा के अनुवाद के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है, हर लेखन में कुछ न कुछ हमें जानने और सीखने का मौका मिलता है जिससे प्रेरित होकर हम अपने जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। आशा है आंचलिक भाषा में लिखी गई यह पुस्तक जनोपयोगी साबित होगी।

ब्रह्मदेव के रायपुर शिलालेख से स्पष्ट होता है कि उसके राज्यकाल में सन 1402 में रायपुर के नायक हाजीराज ने हाटकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कराया। ब्रह्मदेव की राजधानी खल्लवाटिका थी, जो आज खल्लारी कहलाती है। ब्रह्मदेव के बाद राजाओं के उल्लेख नहीं मिलते।





# अंग्रेजों ने रखा था नाम खल्लारी




गांव की कहानी: डा. पुष्पा तिवारी

चौदहवीं शताब्दी के अंत में रतनपुर के कल्चुरी के शाखा से एक और शाखा निकली जो रायपुर के कल्चुरी नाम से विख्यात हुई। रायपुर कल्चुरी शाखा का प्रारंभ 1375 से माना जाता है। रायपुर को देवनाथ सिंह ने राजधानी बनाया और अपना स्वतंत्र शासन संभाला। 1402 तथा 1414 का प्राप्त शिलालेख रायपुर के चार राजा लक्ष्मणदेव, सिहनदेव, रामचंद्र देव और ब्रह्मदेव। ब्रह्मदेव के रायपुर शिलालेख से स्पष्ट होता है कि उसके राज्यकाल में सन 1402 में रायपुर के नायक हाजीराज ने हाटकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कराया। ब्रह्मदेव की राजधानी खल्लवाटिका थी, जो आज खल्लारी कहलाती है। ब्रह्मदेव के बाद राजाओं के उल्लेख नहीं मिलते। इसी समय के शिलालेख से स्पष्ट होता है कि खल्लारी में देवपाल ने नारायण का एक मंदिर बनवाकर तत्कालीन समाज में एक मिसाल स्थापित कर सामाजिक व्यवस्था की कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। ब्रह्मदेव के खल्लारी लेख से स्पष्ट होता है कि रामचंद्र के फणि नाग वंश के राजा भोनिंगदेव पर विजय प्राप्त की। ब्रह्मदेव के बाद राजाओं के उत्कीर्ण लेख नहीं मिलते। आरंग से प्राप्त 1792 के ताम्रपत्र में मात्र कल्चुरी अंतिम राजा अमरसिंह देव का उल्लेख है ।



# प्राकृतिक सौंदर्य के स्थलों में पावड़ा



पर्यटनः घनश्याम नाग



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर में आज भी प्राकृतिक सौंदर्य के अनेक स्थल हैं, जिनमें बड़े डोंगर से लगभग 12 कि मी दूर पावड़ा ग्राम में बारदा नदी सात धाराओं में बहती है, इन धाराओं के बीच एक चट्टान पर स्वयंभू शिवलिंग है। नदी का विहंगम दृश्य मनोरम है। नदी के बीच बीच में तेंदू दरहा, कातिक दरहा,तिरयार दरहा, गऊ दरहा, हाड़ दरहा नामक अनेक जल गुफाएं हैं। जल गुफाओं से जुड़ी अनेक जनश्रुतियां और किंवदंतियां भी प्रचलित हैं। रास्ता सरल नहीं है चट्टान और पत्थरों के बीच यह सभी स्थल हैं इनके बावजूद भी इन स्थलों में पर्यटक घूमने के लिए आते रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र बीहड़ जंगल के बीच स्थित है। यहां हरे भरे वन मन को शीतलता प्रदान करते हैं। इन स्थलों पर कुछ न कुछ रहस्यमय तथ्य दर्शको जानने और समझने के लिए बाध्य करते हैं। इन स्थलों पर पहुंचना किसी रोमांच से कम नहीं होता।


लोक साहित्य

डा. अनसूया अग्रवाल

## अब नहीं सुनाते माताएं लोरियां

छत्तीसगढ़ी लोरियाँ आंचलिक शब्दों के भरपूर प्रयोग के कारण कर्णप्रिय लगती हैं। प्रस्तुत लोरी में आंचलिक शब्दों के प्रयोग और शैली के कारण लोरी और मधुर बन पड़ी है। यहां मां अपनी संतान को इतिहास के दरिद्र पात्रों के नाम से कभी नहीं पुकारती, क्योंकि मां संतान की सबसे बड़ी शुभचिंतक होती हैं, वह हमेशा अपनी संतान के शुभ मंगल और श्रेष्ठ की कामना करती हैं। कभी उसे अपनी संतान में कृष्ण के दर्शन होते हैं, तो कभी वह कभी संतान को राजा का दुलारा राजकुमार के रूप में संबोधन देती हैं। इस लोरी में मां अपनी संतान के मंगल कामना की चाह करते हुए कहती है कि बेटा सो जाओ, तुम मेरे राजदुलारे बेटे हो, तुम्हें गोरी चित्ति सुंदर बहुरिया मिलेगी। तुम सो जाओ -

सुति जाबे बेटा, सुति जाबे बेटा।
मोर राजा दुलरवा, मोर राजा दुलरवा।
तोला गोरी नारी बहु मिलही, सुति जाबे बेटा।
इस तरह भाव विभोर से भरा होता है आंचलिक लोरी गीत।



लोक नाट्य

डा. उग्रसेन कन्नौजे

# लोक नाट्य रहस का इतिहास



छत्तीसगढ़ अंचल में रहस कब से स्थापित है, इसके बारे में कोई निश्चित तिथि नहीं दी जा सकती। रास का मुख्य केन्द्र ब्रजमंडल रहा है। हो सकता है तीर्थ यात्री, श्रृद्धालुजन ब्रज मंडल के रास का दर्शन कर आए हों और छत्तीसगढ़ में स्थापित किए हो तो अतिशयोक्ति नहीं। रहस के प्रचलन का कोई लिखित इतिहास नहीं है। फिर भी विद्वान छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य रहस का इतिहास 300 -400 वर्षों पुराना बताते है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रतनपुर में कवि बाबू रेवाराम रहते थे। उन्होंने श्रीकृष्ण चरित्र पर कुछ बातें लिखी। रहस के उद्भव और विकास के संदर्भ में विद्वानों का मानना है कि रहस में कृष्ण की लीला से संबंधित हिन्दी में उपलब्ध सूर, मीरा, विद्यापति, जयदेव आदि के पदों का संगीतमय गायन किया जाता है। पूरे रहस में बिरहा का गायन वर्जित है। इस तरह कृष्ण भक्ति से सराबोर रहस की परंपरा का इतिहास यही कोई तीन या चार सौ वर्ष पुराना है। रतनपुर में इन्हीं दिनों गोपाल मिश्र और उनके बाद बाबू रेवाराम ने ग्राम भाषा का अवलंबन किया। बाबू रेवाराम का जन्म रतनपुर में 1870 ई में हुआ था। इन्होंने 13 ग्रंथों की रचना की, जिनमें कृष्ण लीला के भजन एक महत्वपूर्ण काव्य ग्रंथ है। यह भजन छत्तीसगढ़ के गांवों में खूब प्रचलित रहा है। इन भजनों को गुटका भी कहा जाता है। श्रीकृष्ण का अनेक गोपियों के साथ एक मंडल में नृत्य करना ही रास का प्रमुख अंश है। बिलासपुर जिले के मुंगेली, लोरमी के सतनामियों द्वारा रहस लीला खड़े साज में प्रस्तुत किया जाता है।



# छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, सिलतरा

## // बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्माननीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सिलतरा संभाग अंतर्गत 33/11 के.व्ही फिडरों में अति आवश्यक सुधार कार्य किये जायेंगे, जिसके कारण दिनांक 23.10.2024 दिन बुधवार को समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। जिसके कारण प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही सोण्डरा फीडर | औद्योगिक क्षेत्र सोण्डरा |
| 2 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. अविनाश फीडर | एस. के. एस रोड औद्योगिक क्षेत्र |
| 3 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही पठारीडीह फीडर | ग्राम - बहेसर एवं मुरेठी |
| 4 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही धनेली फीडर | ग्राम- सांकरा |
| 5 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही सिलतरा फीडर | ग्राम - सिलतरा एवं औद्योगिक क्षेत्र |
| 6 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही फेस- दो सिलतरा फीडर | समस्त औद्योगिक उपभोक्ता, औद्योगिक क्षेत्र फेस- दो सिलतरा |
| 7 | 22.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही मांढर फीडर | ग्राम - मांढर एवं मांढर रेल्वे स्टेशन |
| 8 | 22.10.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही सायकल पार्क, 33 के.व्ही मेटालिक एलॉस, फीडर | संबंधित फीडर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त समस्त औद्योगिक उपभोक्ता, औद्योगिक क्षेत्र |

"असुविधा के लिए खेद है"

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.)
संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा

परिशिष्ट IV-A

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।

**आवश्यकता है-** सिविल एंड इन्फ्रा प्रोजेक्ट में कार्यरत फर्म को भिलाई में कार्य हेतु अनुभवी एकाऊंटेंट की। न्यूनतम 5वर्ष का अनुभव एवं कामर्स ग्रेजुएट एवं टेली का अनुभव जरूरी। वेतन योग्यतानुसार, पी.एफ. एवं ESI की सुविधा। **संपर्क:- 77228-28505, 97550-42205** (आरो-608)

#### इलेक्ट्रीशियन/फीटर

**आवश्यकता है-** बिलासपुर रेलवे स्लीपर प्लांट में ग्रेड-1 इलेक्ट्रीशियन (4-5 वर्ष अनुभवी) ग्रेड-1 फीटर चाहिए। हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध आधार कार्ड सहित व्हाट्सएप पर **सम्पर्क करें- 9669814440 (फोन पर सम्पर्क न करें)** (RO-35746)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

#### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** चिकित्सालय में प्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है रिसेप्शनिष्ट, ANM. GNM. पैरामेडिकल कार्यकर्ता, आया मिले 10से 05 बजे तक **केजीएन चिकित्सालय फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर 9425502209, 9893042209.** (RO-5986)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक / युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, **संपर्क करें - धरमपुरा जगदलपुर, (छ.ग.) मो.9644490606, 9303375986** (आरो-5984)

#### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य हेतु बाई चाहिए, खाना बना लेने वाली को प्राथमिकता, अच्छा वेतन (सहमती से तय) दिया जाएगा। तुरन्त **सम्पर्क करें - टाटीबंध रायपुर मो. 9425518442 (केवल 8-9 सुबह- शाम)** (RO-5974)

#### इंचार्ज/क्लर्क

**आवश्यकता है-** सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज 21000/-, स्टोर होल्डर-, 18000/-, बिलिंग क्लर्क और बिल चेकर- 15000/-, ऑफिस क्लर्क- 16000/- एवं सफाई कर्मी- 10700/-, आवेदन Email-id-hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 30 अक्टूबर 2024 तक करे। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करे। **संपर्क:- 9685726593.** (RO-3058)

#### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कम्प्यूटर कार्य के लिए युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- मो.-95840-23555, 86022-32233 पता- शॉप नं.- 38 महिला समृद्धि बाजार पदमनाभपुर दुर्ग (छ.ग.)** (आरो न.-606)

#### सुपरवाइजर/ड्रायवर

SUPERVISOR/ ENGINEER/DRIVER
JOB VACANCY
Required at Bhilai Steel Plant/ NSPCL area Bhilai under Contracts Works for Construction Company.
Supervisor - 10 Post Diploma/BE (CIVIL)
Driver - 5 Post (JCB/Tripper/Pickup)
Contacts : TABS ASSOCIATES Cell : 7587095237

#### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पम्प, फाफाडीह, स्टेशन रोड, रायपुर, 8109135400.** (RO-941)

#### ड्रायवर/रिशेप्सनिस्ट

**आवश्यकता है-** चार पहिया वाहन हेतु 15वर्ष अनुभवी कार ड्राइवर, अंग्रेजी माध्यम cbse 7वी कक्षा छात्रा पढ़ाने हेतु महिला होम ट्यूटर, पिरदा स्थित प्रिंटिग प्रेस हेतु सुपरवाइजर रिशेप्सनिस्ट MS Office, Excel, PPT के अनुभवी की आवश्यकता है। बॉयोडाटा सहित **संपर्क करें: - 8889335559, 8982878459** (आरो-327)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** (दीपावली सुनहरा अवसर) आवश्यकता है जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं (जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667 (RO-1333)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 9155382119, 7050656611.** (RO-505)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **8929276138.** (RO-504)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834.** (RO-3051)

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7326057709, 9040788128.** (RO-3774)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279.** (Ro-3055)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### Property प्रापर्टी

#### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** वेदान्ता कॉलोनी कान्दुल रोड में 5000 वर्ग फीट कॉर्नर प्लांट 100 x 50 डायवर्टेड (परिवर्तित भूमि) बेचना है कालीबाड़ी रायपुर से प्लांट की दूरी 3 किलोमीटर पर है। **संपर्क करें- 9755607666.** (RO-5979)

#### जमीन

**जमीन बेचना है-** मनगटा झूराडबरी में 5 dis. जमीन बेचना है छोटा फार्महाउस (रिसॉर्ट) हेतु उपलब्ध 38×60 फिट तुरंत बेचना है **संपर्क:- मो.- 9329152721** (आरो न.-607)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.
ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रुतुराज करेंगे इंडिया-ए की कप्तानी, ईशान किशन भी टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया-ए टीम की घोषणा की है। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ करेंगे। वह इस समय रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी कर रहे हैं। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी इस दौरे के लिए चुने गए हैं। बता दें कि 31 अक्टूबर से इंडिया-ए की टीम ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 2 प्रथम श्रेणी मैच खेलेगी। इसके बाद दूसरा मैच 7 नवंबर से मेलबर्न के मैदान पर खेला जाएगा।

गायकवाड़ ने पिछले महीने दलीप ट्रॉफी में इंडिया-सी की कप्तानी की थी, जिसमें उनकी टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने ईरानी कप में भी कप्तानी की थी। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने 2 मैचों में 231 रन बनाए हैं, जिसमें मुंबई के खिलाफ 145 रन शामिल हैं। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने अब तक 44.08 की औसत के साथ 2,513 रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं।

31 अक्टूबर से शुरू होगी सीरीज



### ईशान को भी मिला मौका

*किशन इस समय रणजी ट्रॉफी में झारखंड क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने मौजूदा सीजन में 2 मैचों की 3 पारियों में 46.00 की औसत के साथ 138 रन बनाए हैं। उन्होंने रेलवे के खिलाफ मैच में शतक लगाया था। उन्होंने अब तक भारत से 2 टेस्ट की 3 पारियों में 78 रन बनाए हैं। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 39.22 की औसत से 3,373 रन बनाए हैं।*

### ऐसा है इंडिया-ए की टीम

*ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया-ए की टीमः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), साई सुदर्शन, नीतीश कुमार रेड्डी, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, बाबा इंद्रजीत, ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल, नवदीप सैनी, मानव सुथार और तनुष कोटियान।*

### भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच खेलेगी इंडिया-ए

*इंडिया-ए की टीम 2 प्रथम श्रेणी मैचों के बाद भारत की सीनियर टीम के साथ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलेगी, जो 15 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। बता दें कि भारतीय टीम ने 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेलनी है।*

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी में आज भारत का मुकाबला जर्मनी से

**नई दिल्ली।** मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दस साल बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी और विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली में 2013 से अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच नहीं खेला गया है। आखिरी बार 2014 में हीरो विश्व लीग फाइनल यहां हुआ था। पेरिस में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम सेमीफाइनल में करीबी मुकाबले में जर्मनी से 2-3 से हार गई थी। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। रैंकिंग में जर्मनी दूसरे और भारत पांचवें स्थान पर है लेकिन आधुनिक हॉकी में शीर्ष पांच टीमें कभी भी एक दूसरे को हराने का माद्दा रखती हैं। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में से तीन मुकाबले भारत ने जीते हैं।

### ओसाका पीठ की चोट के कारण डब्ल्यूटीए से बाहर



**हांगकांग।** जापान की स्टार खिलाड़ी नाओमी ओसाका पीठ की चोट के कारण महिला टेनिस टूर डब्ल्यूटीए के बाकी सत्र में नहीं खेल पाएगी। हांगकांग ओपन के आयोजकों ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन न केवल इस टूर्नामेंट से हट रही है, बल्कि वह मौजूदा सत्र में आगे किसी भी प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएगी। ओसाका तीन सप्ताह पहले चाइना ओपन में कोको गॉफ के खिलाफ चौथे दौर के मैच से हट गई थी और उसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। डब्ल्यूटीए ने अपनी वेबसाइट पर भी इसकी घोषणा की।

### सोफिया पैन पैसिफिक ओपन के दूसरे दौर में



**तोक्यो।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अमेरिका की इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीन की दसवीं वरीयता प्राप्त वांग ज़िन्यू को 6-1, 6-4 से पराजित किया। केनिन की वांग ज़िन्यू के खिलाफ यह लगातार चौथी जीत है। कनाडा की बियांका एंड्रीस्कू और अमेरिका की लेयला फर्नांडीज भी दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। इस वर्ष पैन पैसिफिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन हैं।

### भारत बनाम न्यूजीलैंड का दूसरा टेस्ट मैच कल से, कीवी टीम को 1-0 की बढ़त

# न्यूजीलैंड के बुलंद हौसलों के बीच रोहित ब्रिगेड के सामने टेस्ट सीरीज बचाने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इन दिनों तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। बेंगलुरु में खेले गए सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 8 विकेट से मात दी है। इसी के साथ कीवी टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला कल 24 अक्टूबर से पुणे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय टीम के लिए अहम होगा क्योंकि इसी मैच की जीत-हार पर सीरीज का फैसला होना है। भारतीय टीम की पहले टेस्ट में लचर स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सीनियर चयन समिति ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए गेंदबाज ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को अतिरिक्त ऑलराउंडर के रूप में टीम में जगह दी गई है।

### दूसरा टेस्ट मैच कल से

बता दें कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच 24 से 28 अक्टूबर तक पुणे में खेला जाएगा। इसी तरह सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 1 से 5 नंवबर तक खेला जाएगा। यह मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित होगा।



### दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

**दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और वाशिंगटन सुंदर।

### विलियमसन दूसरे टेस्ट से भी बाहर

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट कोच गैरी स्टीड ने कहा कि ऐसी उम्मीद है कि वह सीरीज के तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो सकेंगे। गैरी स्टीड ने कहा हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में उनमें और सुधार होगा।

### दूसरे टेस्ट के लिए फिट हुए ऋषभ पंत

ऋषभ पंत पहले टेस्ट के दौरान अपने घुटने पर चोट लगा बैठे थे। वह विकेटकीपिंग करने नहीं उतरे थे और उनकी गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल ने जिम्मेदारी संभाली थी। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, पंत पुणे में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए फिट हो गए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने अपनी पहली पारी में 20 रन बनाए थे। दूसरी पारी में वह अपने टेस्ट करियर का 7वां शतक लगाने से चूक गए थे। उन्होंने 99 रन की पारी खेली थी।

### न्यूजीलैंड ने बनाई हुई है बढ़त

बता दें कि न्यूजीलैंड ने भारत में 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉम लैथम की कप्तानी में कीवी टीम ने बेंगलुरु टेस्ट 8 विकेट से जीता था। रचिन रविंद्र ने पहली पारी में शतक लगाया और लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। गेंदबाजी में मैट हेनरी और विल ओरूक ने क्रमशः 8 और 7 विकेट लिए थे।

सैफ महिला फुटबॉल

# बांग्लादेश के खिलाफ भारत की नजरें ग्रुप में शीर्ष स्थान पर



एजेंसी ▶▶| काठमांडू

सेमीफाइनल में जगह पहले ही पक्की कर चुका भारत आज बुधवार को यहां सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा तो उसकी नजरें अपना दबदबा बरकरार रखने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश की टीम अगर टीम इस मुकाबले में जीत दर्ज करती है तो ग्रुप के शीर्ष पर रहेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा।

**अभी बांग्लादेश दूसरे स्थान पर**
भारत अभी तीन अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर चल रहा है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के समान एक-एक अंक हैं। बांग्लादेश (शून्य) हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पाकिस्तान (माइनस तीन) से आगे दूसरे स्थान पर है। भारत के खिलाफ ड्रॉ खेलकर बांग्लादेश दो अंक के साथ ग्रुप में उप विजेता रहेगा।

### भारत दो साल पुराना हिसाब करेगा चुकता

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 5-2 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी लेकिन अब उसकी नजरें ग्रुप में शीर्ष पर रहने और बांग्लादेश से 2022 का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश ने 2022 में निर्णायक ग्रुप मुकाबले में भारत को 3-0 से हराकर प्रतियोगिता में उसके अजेय अभियान को थाम दिया था। भारत की सैफ टूर्नामेंट के इतिहास में अपने दक्षिण एशियाई प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ यह पहली हार थी और टीम इसक बदला लेने के इरादे से उतरेगी।

रणजी ट्रॉफी

# पृथ्वी की फिटनेस से चयनकर्ता नाखुश, मुंबई टीम से बाहर



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई क्रिकेट टीम ने इस समय खेली जा रही रणजी ट्रॉफी में अपने दूसरे राउंड के मुकाबले में महाराष्ट्र क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया था। अब मुंबई को 26 अक्टूबर से त्रिपुरा के खिलाफ अपना अगला मैच खेलना है, जिसके लिए टीम घोषित की गई है। दिलचस्प रूप से पृथ्वी शॉ को आगामी मैच के लिए मुंबई की टीम से बाहर किया गया है। इसका कारण उनकी फिटनेस यानि कि बढ़ता हुआ वजन है।

### पृथ्वी की जगह अखिल को मिला मौका

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने शॉ की अनुपस्थिति का कुछ खास कारण नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, चयनकर्ता इस बल्लेबाज की फिटनेस बढ़े हुए वजन से नाखुश हैं। इसके साथ-साथ ऐसी भी खबरें हैं कि शॉ अभ्यास सत्र में अनियमित रहे हैं। उनके स्थान पर एमसीए ने सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवादकर को टीम में शामिल किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज अखिल ने अब तक 41 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

### निराशाजनक था शॉ का प्रदर्शन

शॉ ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी संस्करण में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया है। उन्होंने बड़ौदा क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले राउंड के मुकाबले में 7 और 12 रन के स्कोर किए थे। बड़ौदरा में खेले गए मुकाबले में बड़ौदा ने 84 रन से जीत दर्ज की थी। इसके बाद शॉ ने महाराष्ट्र के विरुद्ध पहली पारी में 1 रन और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाए थे। ये मैच मुंबई क्रिकेट टीम ने जीता था।

### ऐसी है मुंबई की टीम

मुंबई की टीमः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अखिल हेरवाडकर, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), सिद्धांत अद्धतराव (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, कर्ष कोठारी, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर , मोहित अवस्थी, मोहम्मद जुनेद खान और रॉयस्टन डायस।

# आईसीसी की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' में हरमनप्रीत ने बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमेंस टी-20 विश्व कप में रविवार 20 अक्टूबर को न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 32 रनों से मात देकर पहली बार इस टाइटल को अपने नाम किया था। इसके बाद इंटनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सोमवार को 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' की घोषणा की है। आईसीसी की इस टीम ऑफ द टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। वहीं, इस सूची में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी को जगह मिली है।



### हरमनप्रीत चौथी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी

आईसीसी की इस सूची में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने शानदार प्रदर्शन के बदौलत जगह बनाई है। हरमनप्रीत न केवल टूर्नामेंट में भारत की टॉप स्कोरर थीं, बल्कि वह कुल मिलाकर चौथी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी भी थीं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 133.92 स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। जो कि टूर्नामेंट में पांचवां सर्वश्रेष्ठ रन रेट था।

### आईसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट'

लॉरा वोल्वार्ट (दक्षिण अफ्रीका, कप्तान), तज़मिन ब्रिट्स (दक्षिण अफ्रीका), डैनी व्याट-हॉज (इंग्लैंड), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड), हरमनप्रीत कौर (भारत), डिएंड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज), निगार सुल्ताना (बांग्लादेश), अफी फ्लेचर (वेस्टइंडीज), रोजमेरी मैयर (न्यूजीलैंड), नॉनकुलुलेको म्लाबा (दक्षिण अफ्रीका), मेगन शुट्ट (ऑस्ट्रेलिया), ईडन कार्सन (न्यूजीलैंड)।

### टूर्नामेंट में कैसा था हरमनप्रीत का प्रदर्शन

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टूर्नामेंट में खेले गए चार मैचों में 15 की औसत से 150 रन बनाए और केवल एक बार आउट हुईं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पहले मैच में 15 रन बनाए इसके बाद दूसरे मैच में नाबाद 29 रन बनाकर पाकिस्तान के खिलाफ जीत दिलाई थी। इसके अलावा उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 52 रनों की पारी खेली थी और टीम इंडिया की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने ग्रुप चरण के अंतिम मैच में छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और नाबाद अर्धशतक जड़ा था। इस मुकाबले में उनके बल्ले से 54 रन आए थे।

# नेमार की एक साल बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में शानदार वापसी



एजेंसी ▶▶| अल ऐन

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सोमवार को यहां प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में सफल वापसी की तथा एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के ग्रुप चरण में अल हिलाल को संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन को 5-4 से हराने में मदद की। मैच समाप्त होने में जब केवल 13 मिनट का समय बाकी था तब नेमार ने मैदान पर कदम रखा। उन्होंने आते ही गोल पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह गोल पोस्ट से टकरा गया। अल हिलाल की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी जीत है। नेमार ने अगस्त 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के साथ अनुबंध किया था।

पिछले साल अक्टूबर में चोटिल होने से पहले वह अपने इस नए क्लब की तरफ से केवल पांच मैच खेल पाए थे। उन्होंने 369 दिन के बाद चार बार के एशियाई चैंपियन अल हिलाल की तरफ से अपना अगला मैच खेला।

### इंगलिस भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज पॉली इंगलिस को भारत के खिलाफ गुरुवार से अहमदाबाद में शुरू होने वाली तीन मैचों की महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए महिला टी20 विश्व चैंपियन न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 28 वर्षीय इंगलिस को महिलाओं के सुपर स्मैश में ओटागो स्पार्क्स और न्यूजीलैंड ए की तरफ से बल्लेबाज और विकेटकीपर दोनों भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण टीम में लिया गया है।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
धमतरी शाखा : सिहावा चौक, धमतरी (छ.ग.)
फोन–07722-236522

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय–विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय–विक्रय बैंक ऑफ इंडिया के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| **मेसर्स श्री पदमा राईस मिल, प्रोप. श्री उत्तम चंद जैन (उधारकर्ता)** | साम्यिक बंधक की अचल संपत्ति, परिवर्तित फ्रीहोल्ड फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 590/3, प.ह.न. 27, मौजा बड़भूम, रानिमं–डोंगरगांव, जनपद पंचायत एवं तहसील – डोंगरगांव, जिला–राजनांगांव (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 36154.80, वर्गफीट मेसर्स श्री पद्मा राईस मिल प्रो. श्री उत्तम चंद जैन के नाम पर स्थित, **चौहद्दी** : सर्वे नं. 590/3, **उत्तर**–कुशल की भूमि, **दक्षिण**–रोड, **पूर्व**–रामदयाल की भूमि, **पश्चिम**–पलटन की भूमि. साम्यिक बंधक की अचल संपत्ति, नजूल भूमि एवं भवन स्थित शीट नं. 48B, प्लॉट नं. 332/1, (पुराना खसरा नं. 2117), सदर बाजार, वार्ड नं. 36, आरआईसी–राजनांदगांव | दिनांक 10.06.2024 कब्जा दिनांक 18.10.2024 | ₹ 1,14,59,403.40/- (एक करोड़ चौदह लाख उन्सठ हजार चार सौ तीन रुपये एवं चालिस पैसे मात्र) एवं ब्याज + अन्य खर्च |

तहसील एवं जिला – राजनांदगांव (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 1898.28 वर्गफीट, श्रीमती शांतिदेवी पति स्व. श्री सुरजमल गिड़िया एवं श्री आशिष कुमार गिड़िया पिता स्व. श्री सुरजमल गिड़िया (जमानतदार), **चौहद्दी** : सर्वे नं. 332/1 के नजूल भूमि के अनुसार, **उत्तर**–गट्टूबल का मकान, **दक्षिण**–सुरेन्द्र जैन का मकान, **पूर्व**–रोड,सदर बाजार, **पश्चिम**– रोड ओसवाल लाईन.

दिनांक : 23.10.2024
स्थान : धमतरी

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया

# अजीब सा है ये घर, परी कथाओं की किताबों से निकला लगता है, अंदर का हर नजारा करता है सबको हैरान

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

स्पैडेना हाउस, जिसे चुड़ैल का घर भी कहा जाता है। पहले इसे कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में एक मनमोहक कहानी-पुस्तक घर है, फिल्म स्टूडियो के ऑफिस के लिए बनाया गया था। इसमें एक फूस की छत, टेढ़ी-मेढ़ी खिड़कियां और एक आकर्षक बगीचा है, जिसने दुनिया भर के कलाकारों और फिल्म निर्माताओं को प्रेरित किया है। स्पैडेना हाउस को देख कर आपको अजीब ही लगेगा. बेवर्ली हिल्स, कैलिफ़ोर्निया में यह विचित्र, परी-कथा जैसा घर, चुड़ैल के घर के रूप में भी जाना जाता है। 1921 में निर्मित, यह मूल रूप से मूक फिल्मों के लिए एक स्टूडियो कार्यालय के रूप में कार्य करता था. इसकी मनमोहक डिज़ाइन, एक झुकी हुई छत और छोटी खिड़कियों के साथ, इसे किसी कहानी की किताब से सीधे बाहर की तरह दिखती है।

### किसी जादू से कम नहीं है डिज़ाइन

स्पैडेना हाउस का डिज़ाइन किसी जादू से कम नहीं है। यह किसी वास्तुशिल्प चमत्कार से कम नहीं हैं। घर में एक फूस की छत है, जो इसे एक देहाती, पुरानी दुनिया का आकर्षण देती है, साथ ही इसे परीकथा जैसा रूप देती है। सकी खिड़कियां जानबूझकर टेढ़ी बनाई गई हैं, छत और दीवारों पर शिंगल्स लहरदार हैं, जो गति का भ्रम पैदा करते हैं और घर को कहानी की किताब जैसा एहसास देते हैं।



### कई अनूठी विशेषताओं से भरा हुआ है

घर को बहुत ही अलग तरह बनाया गया था। घर में कई विवरण, जैसे लकड़ी के बीम और लोहे का काम, हाथ से बनाए गए थे, जो इसके अनूठे आकर्षण को बढ़ाते हैं। इतना ही नहीं, स्पैडेना हाउस के आसपास का उद्यान भी उतना ही मनमोहक है, जिसमें घुमावदार रास्ते, मनमोहक मूर्तियां और हरी-भरी हरियाली है। यही फीचर्स इसे पर्यटकों के लिए खासा आकर्षक बना देते हैं। लेकिन स्पैडेना हाउस के लिए इतना ही काफी नहीं है।



### ट्रिक-ऑर-ट्रीटर्स के लिए है पसंदीदा जगह


स्पैडेना हाउस हैलोवीन के उत्सव पर ट्रिक-ऑर-ट्रीटर्स के लिए एक पसंदीदा जगह है, इसकी डरावनी उपस्थिति मजा और बढ़ा देती है। घर को अक्सर इसकी डरावनी, परी कथा जैसी उपस्थिति के कारण 'द विच हाउस' पुकारा जाता है। यही कारण है कि घर ने कई हैलोवीन सजावट और प्रेतवाधित घर के डिजाइन को प्रेरित किया है और फोटोग्राफरों के लिए एक लोकप्रिय स्थान है।

### स्टोरीबुक वास्तुकला के उदाहरणों में से एक है स्पैडेना हाउस

यह अनूठा घर मूल रूप से 1921 में इरविन विलैट के फिल्म स्टूडियो के लिए एक कार्यालय और ड्रेसिंग रूम के रूप में बनाया गया था। इसे हैरी ओलिवर ने डिजाइन किया था, जो हॉलीवुड के एक कला निर्देशक थे और अपनी सनकी और काल्पनिक रचनाओं के लिए जाने जाते थे। स्पैडेना हाउस स्टोरीबुक वास्तुकला के शुरुआती उदाहरणों में से एक है, एक शैली जो 1920 और 1930 के दशक में उभरी, इसकी परीकथा जैसी उपस्थिति की विशेषता है। इस घर को बाद में बेवर्ली हिल्स में अपने वर्तमान स्थान पर ले जाया गया। बाद में इस घर को 1934 में कल्वर सिटी से बेवर्ली हिल्स में वाल्डेन ड्राइव पर अपने वर्तमान स्थान पर ले जाया गया था। उससे भी अजीब बात ये है कि अपनी तमाम शोहरत के बावजूद, स्पैडेना हाउस एक निजी निवास है। वर्तमान मालिक ने आवश्यक नवीनीकरण करते हुए इसके मनमोहक आकर्षण को बनाए रखा है।

## हजार के लिए क्यों लिखा जाता है 'K'? आखिर क्या होता है इसका मतलब

**नई दिल्ली।** कभी-कभी हमारे मन में कुछ ऐसे सवाल होते हैं, जिनके जवाब हम जानना तो चाहते हैं पर उसका सही उत्तर नहीं मिल पाता है। हमारे जीवन में ऐसे कई शब्द होते हैं जिसका लोग खूब इस्तेमाल करते हैं, मगर उसका अर्थ नहीं जानते हैं। अपने आसपास के माहौल से प्रभावित होकर हम भी उस शब्द को लिखना बोलना शुरू कर देते हैं। आपने अक्सर देखा होगा हजार को कई जगहों पर 'K' से दर्शाया जाता है। इसका सबसे आसान उदाहरण है, यूट्यूब पर जो सब्सक्राइबर्स दिखते हैं वो 300K या 500K लिखे होते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि हजार को K से क्यों दर्शाते हैं?




आजकल के समय में सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप्स और यहां तक कि कई दस्तावेजों में 'हजार' को दर्शाने के लिए 'K' का इस्तेमाल किया जाता है। जैसे, 10,000 को 10K लिखा जाता है।

### 'K' का मतलब 'किलो'

असल में 'K' अक्षर 'किलो' का शॉर्ट फॉर्म है। साइंस में, 'किलो' का मतलब 1000 होता है। इसका सबसे सरल उदाहरण है- 1000 ग्राम को 1 किलोग्राम कहते हैं। उसी तरह 1000 मीटर को एक किलोमीटर कहते हैं। यही वजह है कि 1000 को K से दर्शाया जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि K को हजार दर्शाना एक अंतर्राष्ट्रीय मानक है। इसका सबसे सामान्य उदाहरण हमें सोशल मीडिया पर देखने को मिलता है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी वीडियो को 25 हजार बार देखा गया है तो वहां 25K लिखा होता है। जैसे ही वीडियो को 10 लाख से अधिक बार देखा जाता है वो मिलियन यानी 1M में दिखने लगता है।

दहशत

# तड़प-तड़पकर मरेंगे लोग होगा संपूर्ण इंसानों का विनाश

### 2050 तक ये होगा इंसानों का सबसे बड़ा दुश्मन किसने की भविष्यवाणी?

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

दुनियाभर में कई ऐसे लोग मौजूद रहे हैं, जिनके द्वारा की गई भविष्यवाणियां बिल्कुल सटिक और सच होती रही हैं। इसमें सबसे प्रमुख बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस का नाम आता है। महामारी से लेकर अलग-अलग देशों के बीच जंग तक की भविष्यवाणी ये कर चुके हैं। इनके द्वारा किए गए कई प्रेडिक्शन बिल्कुल सही साबित हुए हैं। इंसानों के खात्मे से लेकर धरती की तबाही तक की भविष्यवाणियां भी लोग अक्सर करते रहे हैं।

अब हाल ही में एक और भविष्यवाणी ने दहशत फैला दिया है, जिसमें 2050 तक इंसानों के सबसे बड़े दुश्मन के बारे में बताया गया है। इसकी वजह से लोग तड़प-तड़प कर मर सकते हैं। अगर ऐसा ही रहा तो धीरे-धीरे संपूर्ण विनाश भी संभव हो सकता है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये भविष्यवाणी किसने की है? ऐसे में बता दें कि जेमिनी एआई (Gemini AI) ने यह खुलासा किया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, टर्मिनेटर जैसी फिल्मों में मशीनों को इंसानों का सबसे बड़ा हत्यारा बताया जाता है। लेकिन जेमिनी एआई (Gemini AI) का अनुमान बिल्कुल अलग है। एआई के मुताबिक, एंटीबायोटिक प्रतिरोधी बैक्टीरिया 2050 में मानव जाति के सबसे बड़े हत्यारे बनने की अग्रणी दावेदार है। अब आप सोच रहे होंगे कि ये क्या है? ऐसे में बता दें कि हम छोटी-मोटी बीमारियों में एंटीबायोटिक का प्रयोग करते हैं।



### वर्तमान प्रवृत्तियों पर आधारित हैं भविष्यवाणी

इस रिपोर्ट के मुताबिक, यदि वर्तमान में एंटीबायोटिक खाने प्रवृत्ति जारी रहती है, तो भविष्य में उन संक्रमणों से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है, जिनका फिलहाल आसानी से उपचार किया जा सकता है। जेमिनी एआई के अनुसार, इसके अलावा भी कई चीजें इंसानों की जान के लिए खतरा हैं, जिसके संभावित दावेदारों में हृदय रोग, कैंसर, जलवायु परिवर्तन से संबंधित बीमारियां और न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग शामिल हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये अनुमान वर्तमान प्रवृत्तियों और भविष्य की चुनौतियों की समझ पर आधारित हैं। ऐसे में सही-सही भविष्यवाणी नहीं माना जा सकता है।

### हार्ट से जुड़ी परेशानियों के कारण सबसे ज्यादा मरते हैं लोग

वैसे आपको बता दें कि इंसानों के हत्यारे के रूप में कई चीजें जिम्मेदार हैं। हाल फिलहाल की बात करें तो इसमें कोविड 19 सबसे प्रमुख रहा है। यह इंसानों की मौत का दूसरा कारण बन गया था। पिछले 20 सालों में इंसानों की मौत का दूसरा सबसे बड़ा जिम्मेदार बन गया था। मात्र 2 साल के इस दौर में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। लेकिन, पहला कारण कुछ और ही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय मनुष्यों की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण इस्केमिक हृदय रोग है यानी हार्ट से जुड़ी परेशानियों के कारण सबसे ज्यादा लोग मरते हैं। लेकिन, 2050 तक इंसानों के सबसे बड़े हत्यारे के नाम को लेकर एआई की भविष्यवाणी ने चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, ये सिर्फ एक भविष्यवाणी है, जरूरी नहीं है कि ये सच हो।

## सिम्स में हो गए तीन डीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट से स्टे मिलने का हवाला देते हुए मंगलवार को दोपहर बाद सिम्स के पूर्व डीन डॉ. के के सहारे कुर्सी पर आकर बैठ गए। अब सिम्स में तीन-तीन डीन होने के कारण उहापोह की स्थिति निर्मित हो गई है। ज्ञात हो कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डीन डॉ. सहारे को निलंबित कर दिया था। इसके बाद अंबिकापुर के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति को बिलासपुर का नया डीन नियुक्त किया गया। उधर अंबिकापुर में डॉ. मेश्राम को नया डीन बनाया गया। बिलासपुर में 31 अक्टूबर तक डा.मूर्ति अवकाश पर हैं इसलिए प्रभारी डीन के रूप में डॉ.अर्चना सिंह काम कर रही हैं।इसी बीच डॉ. सहारे हाईकोर्ट से स्टे का हवाला देते हुए मंगलवार को पहुंचे और सीधे डीन की कुर्सी पर बैठ गए, उस समय डॉ.अर्चना सिंह लंच पर गई हुई थी। उनके लौटकर आने पर डा सहारे ने उच्च स्तर पर बात होने का हवाला देते हुए स्वयं नोटशीट को अनुमोदित कर लिया। अब सिम्स में डीन का कामकाज कौन देखेगा, इस बात को लेकर वहां चहापोह की स्थिति बन गई है। शासन स्तर पर डॉ मूर्ति यहां के डीन बनाए जा चुके हैं। ऐसी हालत में सरकार के स्तर पर फैसला होने के बाद ही मामला सुलझ पाएगा।

■ अब अधिकार को लेकर उहापोह की स्थिति

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

Hero GIFT
Grand Indian Festival of Trust

इस पुष्य नक्षत्र
फाइनेंस ऑफर्स सबसे ख़ास



लिमिटेड पीरियड ऑफर्स
नकद छूट ₹4500# तक
कम डाउन पेमेंट ₹1999^

फेस्टिव एक्स-शोरूम प्राइस*
₹~~68668~~ ₹64,168
(₹4500 नकद छूट सहित)
नई HF-Deluxe

Toll Free Number: 1800 266 0018
India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply
$Additional cash discount available on Flipkart amazon
~Instant cashback available on HDFC BANK pine labs PAY LATER
Special offers for CSD/CPC/Corporate employees. Reach us at: institutionalsales@heromotocorp.com
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000, subject to the credit card company's, T&Cs. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. $Flipkart and Amazon offers are subject to the sole discretion & T&Cs of respective organisations. **Offer valid only on purchase of new Hero HF Series Two-wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase during the Campaign Period - 21st to 28th October 2024. *Festive Ex-showroom price of HF Deluxe self including cash bonus in Chhattisgarh.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983
FCB INTERFACE/6878/OCT2024/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com